21 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 301

बिहार के बाद अब पूरा देश लड़ेगा: राहुल गांधी



Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Junior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

# झारखंड आंदोलन में रामदास सोरेन का अहम योगदान था: हेमंत

**मुख्यमंत्री अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के घर पहुंचे, दी श्रद्धांजलि, परिजनों का ढाढ़स बंधाया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे दिवंगत रामदास सोरेन के जमशेदपुर स्थित घोड़ाबांधा आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जतायी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की। बताते चलें कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जी का 15 अगस्त को नयी दिल्ली स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

**दिशोम गुरु के बाद रामदास जी का निधन असहनीय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु और मेरे बाबा शिबू सोरेन के निधन के एक पखवाड़े के अंदर ही रामदास सोरेन जी के इस तरह चले जाने की पीड़ा मेरे लिए असहनीय है। मन व्याकुल और व्यथित है। उनका निधन इस राज्य के साथ मेरे लिए अपूरणीय क्षति है। इस वजह से जो शून्यता आयी है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है।

**संघर्ष से बनायी थी पहचान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत रामदास सोरेन ने संघर्ष से अपनी एक अलग पहचान बनायी थी। उन्होंने स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड की खातिर हुए आंदोलन में अहम योगदान दिया था। उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था। एक आंदोलनकारी के साथ-साथ उनका व्यापक सामाजिक सरोकार था। वे अपने सार्वजनिक जीवन में आम लोगों के दुख-दर्द और समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहे। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कार्य सदैव ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।


## बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए लगातार कर रहे थे प्रयास

हेमंत सोरेन ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री के रूप में रामदास सोरेन काफी बेहतर कार्य कर रहे थे। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए उन्होंने कई नयी पहल की थी। सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत करने का काम तेज गति से हो रहा था। गांव-देहात के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उनका समग्र विकास हो, इस पर उनका विशेष जोर था।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

# गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम, सीएम, मंत्री का पद जायेगा

- संसद में सरकार ने बिल पेश किया, विपक्ष का विरोध, जेपीसी को भेजा
- पांच साल से अधिक सजा वाले अपराध में लागू होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री किसी ऐसे अपराध में गिरफ्तार या 30 दिन की हिरासत में रहता है, जिसकी सजा पांच साल या उससे ज्यादा हो, तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किये। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। विपक्ष ने गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके। कांग्रेस, एआइएमआइएम और सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया। इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की बात कही। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाये गये हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के नेताओं के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं।

**पहला बिल:** 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।

**दूसरा बिल:** गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है।

**तीसरा बिल:** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जायेगा।

## ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल भी पेश

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार ने लोकसभा में बुधवार को ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल भी पेश किया। कैबिनेट ने 19 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग बिल को मंजूरी दी थी। इसमें ऑनलाइन मनी गेमिंग, विज्ञापन, खेल के लिए उकसाने वाले को सजा-जुर्माना या दोनों हो सकता है। तीन साल तक कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

# उपराष्ट्रपति चुनाव : एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल किया



**प्रधानमंत्री मोदी पहले प्रस्तावक, शाह-राजनाथ और नड्डा भी मौजूद रहे**

**9 सितंबर को होगा चुनाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। नामांकन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर फूल चढ़ाये। बताते चलें कि 17 अगस्त को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी थी। राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से होगा। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होगा। उसी दिन वोटों की गिनती होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बांग्लादेशियों की पहचान के लिए एसटीएफ के गठन की सिफारिश

**विशेष शाखा के आइजी ने गृह सचिव को लिखा पत्र**

**डीएसपी मुख्यालय की अगुवाई में हो टीम का गठन**

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद झारखंड के स्पेशल ब्रांच के आइजी ने गृह सचिव को एक पत्र लिखा है। 18 अगस्त को लिखे गये पत्र में यह सिफारिश की गयी है कि बांग्लादेशी/रोहंग्यिा नागरिकों की पहचान के लिए जिला स्तर पर स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया जाये। इस टास्क फोर्स में हर जिला के मुख्यालय डीएसपी शामिल होंगे और इनकी अगुवाई में ही टीम का गठन होना चाहिए। इसमें एक इंस्पेक्टर, संबंधित जिला के विदेशी शाखा के दो पदाधिकारी/कर्मी को शामिल किया जा सकता है। पत्र में कहा गया है कि गृह सचिव इस संबंध में संबंधित जिला के अधिकारियों को आदेश दे सकते हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से बांग्लादेशी/रोहंग्यिा नागरिकों की पहचान करने और उनकी धर-पकड़ करने के लिए झारखंड सरकार को एक पत्र लिखा गया है। इसमें जिला स्तर पर पुलिस अधिकारियों की टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है।

# लावारिस जाइलो गाड़ी से 46 लाख रुपये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के तेतराई बलियारी मोड़ के पास लावारिस पड़ी जाइलो गाड़ी से 46 लाख रुपये बरामद हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलामू के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक लाल रंग की संदिग्ध जाइलो गाड़ी डालटनगंज से पांकी की ओर जा रही है। सूचना के आलोक में थाना प्रभारी पांकी राजेश रंजन द्वारा सशस्त्र बल के साथ घेराबंदी कर जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में तेतराई गांव के पास बलियारी मोड़ के पास गाड़ी (सीजी14बी-5999) लावारिस खड़ी मिली। आसपास पूछताछ करने पर स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी काफी देर से वहीं खड़ी है, किंतु किसी व्यक्ति को नहीं देखा गया। गाड़ी लॉक थी। पुलिस ने गाड़ी को टोचन कर थाना लाया। इसके बाद पांकी अंचल के पुलिस निरीक्षक की उपस्थिति में गाड़ी का लॉक तोड़कर तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में गाड़ी की बीच की सीट के नीचे एक झोला मिला। इसमें प्लास्टिक में रुपये लपेटे हुए थे। नोट 500, 200 और 100 के थे। रुपयों की गिनती करवायी गयी, तो पाया गया कि ये 46 लाख 19 हजार 900 रुपये थे। गाड़ी के डैशबोर्ड से से वाहन का इंश्योरेंस एवं आरसी भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच कर रही है।

# पीटीआर जंगल से नौ शिकारी गिरफ्तार, 13 फरार

## वन्य प्राणियों के शिकार करने की बात स्वीकार की, हथियार बरामद

रवि कुमार गुप्ता



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बेतला स्थित पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में सक्रिय एक बड़े शिकारी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर नौ शिकारियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 13 शिकारी फरार हो गये। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में वन्य प्राणी के शिकार की बात कबूली। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे पहले ग्राम नावागढ़ निवासी सरफुद्दीन मियां को बारूद और गंधक बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह भरूठवा बंदूक के लिए शिकारियों को ये सामग्री बेचता था। उसने खुलासा किया कि उसने यह सामग्री ग्राम कुई के तपेश्वर सिंह को भी दी थी। इसके बाद 20 अगस्त की सुबह तीन बजे तपेश्वर सिंह के घर छापा मारा गया। उसके घर से भरूठवा बंदूक बरामद हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जंगल में शिकार करता था और करीब 10 साल पहले चंदवा चट्टान क्षेत्र में एक बाघ का भी शिकार किया गया था। इसके बाद डीएफओ के निर्देश पर दो टीमें गठित की गयीं। छापेमारी कर कुल नौ शिकारियो को पकड़ा गया। सभी पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 और भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत केस दर्ज किया गया है। डीएफओ ने कहा कि फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान लगातार जारी है। जंगलों में गश्ती बढ़ा दी गयी है। छापेमारी दल मे संजय कुमार, बिपिन कुमार,अमृत कुमार, रोहित कुमार, मनु कुंभारी, पंकज पाठक, चंदन कुमार, आशीष कुमार, निरंजन सिंह, नंदलाल साहू, राहुल दास, लालमुनी देवी, सत्यनारायण,राम कुमार, रजनीश कुमार और पीटीआर के अन्य वन अधिकारी और वन कर्मी शामिल थे।

**गिरफ्तार आरोपी:** सरफुद्दीन मियां, तपेश्वर सिंह, अजित सिंह, रामसुंदर, हरिचरण सिंह, झमन सिंह, कइल भुईंया, रमन सिंह और पारसनाथ सिंह।

**बरामद सामग्री:** आठ भरूठवा बंदूक, चार सौ ग्राम बारूद, 14 ग्राम गंधक, सीसा और लोहे के पांच टुकड़े, बाघ पकड़ने वाला एक फंदा (टाइगर ट्रैप), 15 फीट का फंदा, एक फरसा, जंगली जानवरों के अंग और ट्रॉफी।

# मुख्य सचिव ने बालू घाटों को लेकर सभी उपायुक्तों को दिया निर्देश

# सितंबर के पहले पखवारे तक पूरी करें नीलामी प्रक्रिया: अलका तिवारी

**प्रक्रिया से पहले बालू घाटों की नयी पालिसी को पूरी तरह समझ लें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी उपायुक्तों को राज्य के तमाम व्यावसायिक बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया सितंबर के पहले पखवारे तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त नीलामी के पहले बालू घाटों की नयी पालिसी को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो और उस दौरान कोई तकनीकी समस्या नहीं आये। इसके लिए उन्होंने खनन पदाधिकारी सहित उपायुक्तों को भी बुनायादी जानकारी के लिए प्रशिक्षित होने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ यह है कि उपायुक्त पूरी स्पष्टता और तैयारी के साथ नीलामी को संपन्न करा सकें। यह राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। नयी बालू नीति से सरकार की मंशा जहां उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर बालू सर्वसुलभ कराना है, वहीं बालू के अवैध कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अन्य राज्यों से बालू के आवक को हतोत्साहित करना है। वह बुधवार को बालू घाटों की नीलामी को लेकर तमाम उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर रहीं थीं।

**पहले कर लें मॉक ड्रिल:** खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी में खान विभाग के साथ उपायुक्तों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। इसलिए सभी उपायुक्त इसे गंभीरता से लें और पूरी स्पष्टता तथा तैयारी के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न करायें। इसके लिए उन्होंने उपायुक्तों को नीलामी प्रक्रिया का मॉक ड्रिल करने की भी सलाह दी। साथ ही पूरी प्रक्रिया से नीलामी लेने वालों को भी अवगत कराने को कहा। जरूरी होने पर हेल्पलाइन भी उपलब्ध कराने पर बल दिया।

**15 अक्टूबर के बाद खत्म होगा प्रतिबंध:** अरवा राजकमल और राहुल सिन्हा ने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद से बालू घाटों से खनन पर ग्रीन ट्रिब्यूनल का प्रतिबंध खत्म होगा। उसके पहले बालू घाटों की नीलामी पूर्ण होने से खनन ससमय शुरू होगा। राज्य में बालू की किल्लत नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बालू का दर निर्धारण सरकार नहीं करेगी। लेकिन, बालू का वैध कारोबार हो, इसकी पूर्ण व्यवस्था प्रशासन करेगा। उपायुक्तों को यह अधिकार होगा कि नियम का अनुपालन नहीं करने वाले का ठेका रद्द कर सकें।

## घाटों को दो श्रेणी में बांटा गया

बालू घाटों को दो श्रेणी में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी में पांच हेक्टेयर से कम रकबा वाले बालू घाट होंगे। इनका संचालन ग्राम सभा के माध्यम से होगा। ऐसे 374 बालू घाट हैं। दूसरी श्रेणी में 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले बालू घाटों की नीलामी होगी। इसके लिए छोटे-बड़े बालू घाटों को मिलाकर कुल 60 समूह बनाये गये हैं। किसी भी एक व्यक्ति को एक हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा का बालू घाट नहीं दिया जायेगा और दो से अधिक समूह का ठेका भी नहीं दिया जायेगा। इसके पहले बालू घाटों की नीलामी की पूरी प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से उपायुक्तों से साझा किया गया। खनन से जुड़े पर्यावरण के मसले पर सिया के सदस्य श्री राजीव लोचन बख्शी ने विस्तार से प्रकाश डाला। जैप आइटी के प्रतिनिधियों ने नीलामी की तकनीकी प्रक्रिया को विस्तार से बताया, ताकि कोई उलझन नहीं रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# बिहार में इस बार धार खो चुका है विशेष राज्य के दर्जे का हथियार

## ■ सत्ता पक्ष के साथ पूरे विपक्षी दलों को भी नहीं है इस मांग की कोई चिंता

## ■ नीतीश कुमार को विकास के दावे लगने लगे कारगर, विपक्ष है उलझन में

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव हैं, लेकिन इस बार चर्चा से खास मुद्दा 'विशेष राज्य का दर्जा' गायब है। पिछले कई चुनावों में यह मुद्दा प्रमुख था, लेकिन अब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। राजनीतिक दल लोकलुभावन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि खास दर्जा से वोट बैंक पर ज्यादा असर नहीं दिख रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्षों तक इसे लेकर अभियान चलाया, रैलियां की और केंद्र सरकार पर दबाव बनाया। विपक्षी दल भी इस मुद्दे को लेकर लगातार केंद्र को निशाने पर लेते रहे। 2025 के विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा लगभग पूरी तरह से गायब है। न सत्ता पक्ष और न ही विपक्ष इसे प्रमुखता से उठाने में दिलचस्पी दिखा रहा है। इसलिए बिहार की सियासत में सालों तक गूंजता रहा 'विशेष राज्य का दर्जा' का नारा इस बार चुनावी मैदान से रहस्यमय तरीके से गायब है। जो मुद्दा कभी सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए सियासी हथियार था, आज उसकी कोई चर्चा नहीं कर रहा। नीतीश कुमार के लंबे अभियानों और विधानसभा प्रस्तावों के बावजूद अब इस पर सन्नाटा है। सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, अब विपक्ष भी विशेष राज्य के दर्जे के मुद्दे से पीछे हटता दिख रहा है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव कभी इस मुद्दे पर नीतीश कुमार और बीजेपी को लगातार घेरते रहे, लेकिन अब उनके राजनीतिक भाषणों से भी यह मसला गायब है। विपक्ष को लगता है कि इस मुद्दे को लंबे समय तक उठाकर चुनावी लाभ नहीं मिलेगा। वहीं सत्ता पक्ष यह तर्क दे रहा है कि बिहार को विशेष पैकेज मिल रहा है और वह केंद्र सरकार को असहज नहीं करना चाहते। क्या है विशेष राज्य के दर्जे का मुद्दा और इस बार के चुनाव में यह मुद्दा क्यों गायब है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार का विशेष राज्य का दर्जा एक बहुत बड़ा मुद्दा रहा है, लेकिन इस विधानसभा चुनाव में अब तक इस मुद्दे पर न तो एनडीए, न ही विपक्षी महागठबंधन कोई बात कर रहा है। बिहार की पिछली सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए का हिस्सा रहते हुए इस मुद्दे को हमेशा मंचों पर उठाते रहे। जब उन्होंने आरजेडी से गठबंधन खत्म करके वापस एनडीए का हिस्सा बनकर सरकार बनायी तो उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाना बंद कर दिया। बिहार के लोग राज्य के विकास के लिए इसको विशेष राज्य का दर्जा चाहते हैं। उनमें यह महत्वाकांक्षा यहां के क्षेत्रीय दलों ने ही जगायी है, लेकिन अब वे खुद इस पर चुप्पी साध कर बैठ गये हैं।

### विकास हो गया, तो विशेष राज्य का दर्जा क्यों

नीतीश कुमार अब विशेष राज्य के दर्जे का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं, यह सवाल आज हर बिहारी के मन में है। वे सोच रहे हैं कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अब यह मुद्दा उनके बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में ला खड़ा करने के दावे पर विरोधाभासी होगा। बिहार में नीतीश कुमार सरकार लगातार राज्य के विकसित होने का प्रचार कर रही है। वह अपने विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान में बिहार का अभूतपूर्व विकास करने का ढिंढोरा जमकर पीट रही है। ऐसे में यदि वह विशेष राज्य के दर्जे की मांग भी उठाती है, तो यह उसके विकसित राज्य के दावे को झूठा साबित करने वाली बात होगी। देश की सीमाओं पर स्थित ऐसे राज्य, जो विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों के साथ अस्थिरता का सामना कर रहे हैं और इस कारण विकास में पिछड़ गये हैं, को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाता है। इन राज्यों को अधिक केंद्रीय सहायता और कर रियायत दी जाती है। बिहार को इस श्रेणी में शामिल करना क्या न्यायसंगत हो सकता है।

नीतीश कुमार पिछले कई सालों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग जोर-शोर से उठाते रहे हैं। नीतीश कुमार ने साल 2023 में केंद्र सरकार को चेतावनी दी थी कि यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलता है, तो आंदोलन किया जायेगा। उनका यह तेवर साल 2024 में एक बार फिर एनडीए का हिस्सा बनने के बाद ठंडा पड़ गया। विपक्ष की पार्टियां भी इस मुद्दे को लेकर नीतीश सरकार को घेरने के साथ-साथ केंद्र की एनडीए सरकार को निशाना बनाती रही हैं। लेकिन आने वाले विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा प्रचार से गायब है। इस मुद्दे पर नीतीश कुमार भले ही शांत हों, लेकिन सवाल यह है कि विपक्षी पार्टियां भी क्यों अब खामोश हैं।




### गरीबी से उबर गये बिहार के 93 लाख परिवार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब एनडीए से बाहर चले गये थे, तब वे विशेष राज्य के दर्जे के साथ बिहार को केंद्रीय करों में राहत देने की मांग कर रहे थे। उनका तर्क था कि यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाये, तो राज्य के 93 लाख गरीब परिवारों को दो साल में गरीबी से उबारा जा सकता है। लेकिन नीतीश के एनडीए गठबंधन में लौटने के साथ यह मुद्दा गायब हो गया। अब नीतीश सरकार कह रही है कि उसे जो केंद्र से मदद चाहिए थी, वह मिल रही है। वह यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि बिहार में राज्य सरकार के इंजन के साथ अब केंद्र का इंजन भी चल रहा है और डबल इंजन की सरकार बिहार का विकास कर रही है। यानी अब विशेष राज्य के दर्जे की जरूरत नहीं है। अब नीतीश कुमार अपने रिपोर्ट कार्ड में 'विकास को तरसता बिहार' कैसे लिखें।

### विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर आरजेडी भी खामोश

नीतीश कुमार तो खैर एनडीए के खेमे में हैं और वे अपनी सीमाओं को पहचानते हुए ही कदम उठा रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) क्यों खामोश है, यह सवाल भी अहम है। आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव पहले इस मुद्दे को लेकर नीतीश कुमार और एनडीए को निशाना बनाते रहते थे, लेकिन अब वे इसका कहीं कोई जिक्र नहीं कर रहे हैं।

### विपक्ष का ध्यान एसआइआर पर

बिहार में फिलहाल विपक्ष का ध्यान उन 65 लाख वोटरों पर है, जो मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान आरजेडी को झेलना पड़ सकता है और उसके लिए अभी इस उलझन को सुलझाना ही सबसे बड़ी चुनौती है। हो सकता है कि इस कारण आरजेडी बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग भुलाये बैठा हो। हालांकि वह यह मांग उठाने का दबाव बनाने की बात ही कह सकता है, वोटरों से यह वादा नहीं कर सकता। नीतीश कुमार एनडीए का हिस्सा होने के कारण यह वादा कर सकते हैं, लेकिन उनके लिए अब यह मुद्दा उठाना उन्हीं के दावों के विपरीत होगा।

### क्या है विशेष राज्य का दर्जा

सन 1969 में देश के चुनिंदा राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने की व्यवस्था शुरू की गयी थी। यह दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है, जो आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक आधार पर पिछड़े हुए हैं। इस श्रेणी में वे राज्य हैं, जो कम जनसंख्या घनत्व वाले हैं या आदिवासी बहुल हैं, या फिर ऐसे राज्य, जिनकी सीमाएं पड़ोसी देशों से सटी हैं, पर जो देश के लिए रणनीतिक इलाके हैं। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर और इन्फ्रास्ट्रक्च की दृष्टि से पिछड़े हुए राज्य भी विशेष राज्य का दर्जा पाने के लिए पात्र हो सकते हैं।

### विशेष राज्य का दर्जा मिलने पर कई फायदे

देश में विशेष राज्य का दर्जा असम, नगालैंड, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड को हासिल है। विशेष राज्यों को केंद्र सरकार से करीब 90 प्रतिशत अनुदान और 10 प्रतिशत ब्याज रहित कर्ज उपलब्ध कराया जाता है। इन राज्यों को आयकर, जीएसटी, सीमा और उत्पाद शुल्क और कॉरपोरेट टैक्स वगैरह में भी छूट दी जाती है। यही नहीं, ये राज्य यदि उपलब्ध कराये गये फंड का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, तो शेष बची हुई राशि उन्हें अगले वित्तीय वर्ष में मिल जाती है।

---

## 130वें संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन

# जेल में रह कर सरकार नहीं चला सकते: प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार बदलाव यात्रा के क्रम में पूर्णिया पहुंचे जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर ने कहा कि संसद में जो बिल जो लाया जा रहा है, वह इसलिए लाया जा रहा है कि जब संविधान बना होगा, तब शायद संविधान बनाने वालों को इस बात का एहसास ही नहीं रहा होगा कि सत्ता में बैठे हुए लोग इतने भ्रष्ट हो जायेंगे। इतने भ्रष्टाचारी हो जायेंगे। इतने बड़े अपराधी होंगे कि उनको जेल जाना पड़ेगा। उससे भी बढ़कर, वो जेल जाने के बाद भी अपना पद नहीं छोड़ेंगे। मुझे लगता है कि जो बिल आ रहा है, वो ठीक बिल है। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अगर आप पर कोई इल्जाम है, आपको जेल जाना पड़ रहा है, तो आप जेल में बैठ कर सरकार नहीं चला सकते। यह कानून बहुत ठीक है। बहुत लोगों को लगता है कि बिहार में अगर आपको नेतागिरी करनी है, तो आपको सुरक्षा लेकर चलना होगा। यहां कोई मुखिया भी बन जाता है, तो चार गार्ड लेकर चलता है। हम पिछले तीन वर्ष से बिहार में पैदल चले हैं। गाड़ी से चल रहे हैं। इतनी बड़ी व्यवस्था है, लेकिन मैं कोई सुरक्षा लेकर नहीं चलता हूं, क्योंकि मेरा विश्वास है कि अगर हम समाज के हित की बात कह रहे हैं, लोगों की परेशानी की बात कर रहे हैं, तो समाज मेरी सुरक्षा में खड़ा है। किसी तरह की कोई सुरक्षा की जरूरत नहीं है।



प्रशांत किशोर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कम से कम तेजस्वी यादव ने स्वीकार कर लिया कि ये गुंडों की पार्टी है। बताइए यदि सभ्य समाज में कोई कह रहा है कि हमारा पार्टी लाठी वाला पार्टी है, वो वही बात कह रहे हैं, जो समाज राजद के बारे में कहता है। राजद लाठी और कट्टा वाला पार्टी है। जब उनकी सरकार थी, लाठी, कट्टा, बंदूक, अपहरण और रंगदारी, यही बिहार की पहचान थी। सत्य को बहुत देर तक छुपाया नहीं जा सकता है। तेजस्वी यादव ने स्वीकार किया है। तेजस्वी यादव ने स्वीकार कर लिया है कि हम लोगों की पार्टी लाठी और कट्टे वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 20 वर्ष से बाढ़ का निपटारा कर नहीं पाये। इसी कोसी में 2008 में कटाव हुआ था। आज तक लोग विस्थापित हैं। आज तक उनको कुछ राहत नहीं मिली। पूरे सीमांचल में बाढ़ आयी हुई है। पूरा भागलपुर में, मुंगेर के गांव के गांव कटे हुए हैं। बाढ़ हर बार इन लोगों के लिए कमाने का संसाधन है। जल संसाधन विभाग बिहार का सबसे बड़ा उगाही विभाग है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बाढ़ से लोग परेशान होते हैं। सत्ता में बैठे अफसर और नेता कमाई करते हैं। बाढ़ पर ये लोग क्या कर रहे हैं, इससे जनता को कोई लेना देना नहीं है। बीस वर्ष में बाढ़ की समस्या न खत्म हुई और न आगे खत्म होगी। बाढ़ पर हम लोगों ने कहा है कि यदि जन सुराज की व्यवस्था बनेगी, जितने कोसी, बागमती और गंडक प्रोजेक्ट चल रहे हैं, इन सभी प्रोजेक्ट को बंद करके एक प्रोजेक्ट बनेगा। सभी नदियों का आकलन किया जायेगा। किस जिले में पानी और बाढ़ समस्या है, वहां से पानी को नीचे ले जाकर मध्य के जिलों में जहां जल की समस्या है, वहां से इनको जोड़ा जायेगा। पूरे बिहार में एक वाटर ग्रिड बनाया जायेगा।

---

# बिहार के बाद अब पूरा देश लड़ेगा: राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनावी राज्य बिहार में अपनी 'मतदाता अधिकार यात्रा' को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि पूरा देश 'चुनावी चोरी' का भी विरोध करेगा। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। बिहार में अब हर कोई 'वोट चोरी' कह रहा है। यह वास्तविकता है। 'चुनावी चोरी' की कोशिश की जा रही है। बिहार विरोध कर रहा है। पूरा देश विरोध करेगा। कांग्रेस नेता ने हाल ही में कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव जीतने पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी को बधाई दी और उनसे हाथ मिलाया।



---

# गांधी और लालू परिवार ने देश को लूटा: सम्राट चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राहुल गांधी की ओर से बीजेपी और चुनाव आयोग पर लगाये गये आरोपों पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अनुभव नहीं है। उन्हें अपने परिवार का इतिहास नहीं पता। सम्राट चौधरी ने इंडिया अलायंस के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने दावा किया कि एनडीए उम्मीदवार की जीत निश्चित है। सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी के परिवार और उनकी दादी ने लोकतंत्र के साथ क्या किया, यह उन्हें पता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिनके परिवार लोकतंत्र के साथ अच्छा काम करते हैं, राहुल गांधी को उनसे दर्द होता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिनके साथ घूम रहे हैं, उनके परिवार ने 15 साल तक बूथ कैप्चरिंग की. लालू परिवार ने लोगों को लूटा। बिहार की जनता गांधी परिवार और लालू परिवार का सच जानती है। उपराष्ट्रपति चुनाव पर सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन जीतने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज को उम्मीदवार बनाना दिखाता है कि इंडिया अलायंस को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। जब एनडीए के पास बहुमत है, तो उन्हें समर्थन करना चाहिए।



---

# कांग्रेस-आरजेडी देश के विलेन: विजय सिन्हा

## तेजस्वी के राहुल गांधी को पीएम बनाने के प्रस्ताव पर भड़के डिप्टी सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के प्रस्ताव पर पलटवार किया है। उन्होंने महागठबंधन को देश का विलेन बताया है। सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन की पदयात्रा लोगों के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए है। तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कहा था कि बिहार की जनता एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकेगी और महागठबंधन राहुल गांधी को अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए काम करेगा। सिन्हा ने कहा कि जनता उनकी बातों को समझती है और आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में उन्हें जवाब देगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि ये लोग देश के असली दुश्मन हैं। वे सिर्फ अपना फायदा देखते हैं। उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है। सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन बिहार में सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नाटक कर रहा है। बिहार की जनता उन्हें सबक सिखायेगी। उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वे पहले बिहार में चुनाव जीत कर दिखायें, प्रधानमंत्री बनने की बात तो बहुत दूर है। सिन्हा ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग किसी को प्रधानमंत्री बनायेंगे, किसी को मुख्यमंत्री और किसी को राष्ट्रपति बनायेंगे। ये देश के विलेन हैं। ये बिहार में चुनाव जीतने के लिए जो भी प्रयोग कर रहे हैं, बिहार की जनता उन्हें सबक सिखायेगी।



---

## आरजेडी विधायक की शिकायत लेकर पटना पहुंचे कार्यकर्ता

# राबड़ी आवास के बाहर हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर बुधवार को हंगामा हो गया। सारण जिले के सोनपुर से आरजेडी के विधायक रामानुज प्रसाद का विरोध करते हुए दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता राबड़ी आवास पहुंच गये। गेट के बाहर उन्होंने विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में रामानुज को दोबारा टिकट नहीं देने की मांग की। जानकारी के अनुसार सोनपुर से आये आरजेडी कार्यकर्ता ने विधायक रामानुज प्रसाद पर क्षेत्र में ढंग से काम नहीं करवाने की शिकायत की। उनका कहना है कि मॉनसून के समय सोनपुर विधानसभा क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित है। इस दौरान विधायक एक बार भी जनता से मिलने नहीं आये। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों की न कोई मदद की और ना ही उनका हाल-चाल जाना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आरजेडी सोनपुर से रामानुज की जगह किसी और नेता को प्रत्याशी बनाये। हंगामा करने वाले कार्यकर्ता भाई सुरेंद्र यादव के समर्थक बताये जा रहे हैं। चर्चा है कि सोनपुर के आरजेडी विधायक रामानुज प्रसाद का इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट कट सकता है। वे पहले से ही लालू परिवार के रडार पर चल रहे हैं। उनके खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं। साल 2023 में जब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी, तब तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के सामने ही रामानुज ने मंच से अपनी भड़ास निकाल दी थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.1°c | 22.5°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |



### सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला : गठित जांच टीम की भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक

# भ्रष्टाचार और लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण हुई है सूर्या हांसदा की हत्या : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच के लिए गठित सात सदस्यीय टीम की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल और अनीता सोरेन उपस्थित थे। इस बैठक में जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जो प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को सौंपी जायेगी। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि ललमटिया दौरे पर जाने के बाद टीम ने स्व सूर्या हांसदा के परिजनों एवं वहां के प्रबुद्ध जन, स्थानीय जनता से घटना के संदर्भ में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी ने स्पष्ट तौर पर आशंका जाहिर की कि स्व सूर्या हांसदा का इनकाउंटर फर्जी है और यह साजिशन हत्या है। उन्होंने कहा कि स्व हंसदा अवैध उत्खनन और भ्रष्टाचार का सदैव विरोध करते थे। उनका परिवार रूढ़िवादी पारंपरिक आदिवासी व्यवस्था का अगुआ है। उनका परिवार मांझी परिवार है। उन्होंने कहा कि स्व सूर्या हांसदा अपने आंदोलनों के कारण खनन माफियाओं के आंखों की किरकिरी बने हुए थे। उनके रास्ते में रोड़ा बनकर खड़े थे इसलिए उन्हें रस्ते से हटाने की साजिश रची गयी। उन्होंने कहा कि जिस मुकदमे में उनका एनकाउंटर दिखाया जा रहा उसमे वे नामजद भी नहीं थे। स्व सूर्या हांसदा गरीब बच्चों के मसीहा थे। सैकड़ों बच्चों के शिक्षा की चिंता करते थे। आज वे बच्चे अनाथ महसूस कर रहे हैं। मुंडा ने कहा कि भाजपा स्व सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की लड़ाई को अंतिम दम तक लड़ेगी। पार्टी स्व सूर्या हांसदा के परिवार के साथ खड़ी है। आनेवाले दिनों में पार्टी ठोस आंदोलन कार्यक्रम की घोषणा करेगी।

## स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने अर्पित की श्रद्धांजलि



वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — बिगड़े हुए कार्य बनेंगे,संतान सुख, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विद्यार्थियों के परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी, राज्यपक्ष का समर्थन मिलेगा, मान-सम्मान-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।
- **मिथुन** — आपके काम में यश प्राप्त होगा,स्वजन-मित्रों का सुख-सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — परिवार में संतान के विवाहादि शुभ कार्य के रूपरेखा बनेगी, आर्थिक योग अच्छा है।
- **सिंह** — समय कष्टकारी है, मन पर नियंत्रण रखें अन्यथा व्यर्थ के विवादों में उलझ जायेंगें।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### शिक्षक पर छात्राओं से अश्लील हरकत करने का लगा आरोप

# डीएसइ ने गठित की जांच टीम, 48 घंटे में मांगी रिपोर्ट

**15 से अधिक छात्राएं इसकी शर्मनाक हरकतों का शिकार हो चुकी हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के रातू रोड स्थित एक अल्पसंख्यक स्कूल में बड़ा मामला सामने आया है। यहां छात्राओं ने अपने ही एक शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाये हैं। आरोप है कि आरोपी टीचर छात्राओं को वीडियो कॉल कर कपड़े उतारने के लिए मजबूर करता था और होटल ले जाने की बात करता था। अब तक 15 से अधिक छात्राएं इस तरह की शर्मनाक हरकतों का शिकार हो चुकी हैं। यहां तक कि एक छात्रा स्कूल आना ही छोड़ चुकी है, क्योंकि आरोपी उसे होटल तक ले गया था।

जब यह मामला सोशल मीडिया पर सामने आया तो पूरे जिले में हड़कंप मच गया। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने तुरंत संज्ञान लिया और जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को जांच करने का आदेश दिया। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे डीएसइ रांची बादल राज खुद स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों से बातचीत की और सख्त आदेश दिया कि जांच पूरी होने तक कोई भी शिक्षक छुट्टी पर नहीं जायेगा। इसके साथ ही तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गयी है।

**जांच समिति में 3 अधिकारी शामिल :** इस मामले की जांच के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसइ) ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। इसमें शामिल हैं - सीमा कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, ओरमांझी। राजेश कुमार, प्रधानाध्यापक सह-निकासी एवं व्यय पदाधिकारी, उच्च विद्यालय बोड़ेया, कांके। राकेश मिश्रा, प्रधानाध्यापक सह-निकासी एवं व्यय पदाधिकारी, उच्च विद्यालय बिजुलिया रातू। इन सभी अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि 48 घंटे के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपी जाये।

**बच्चों को किया जागरूक:** डीएसइ ने महिला शिक्षिकाओं से कहा कि बच्चों को गुड टच-बैड टच, यौन शोषण से बचाव और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग सिखाया जाये। वे खुद भी बच्चों से मिले और उनकी बातों को गंभीरता से सुना।

**आरोपी शिक्षक का फोन बंद, पढ़ाने पर रोक:** जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी शिक्षक का मोबाइल फोन फिलहाल बंद है और वह स्कूल भी नहीं आ रहा है। स्कूल प्रबंधन को आदेश दिया गया है कि आरोपी शिक्षक को किसी भी कक्षा को पढ़ाने की अनुमति न दी जाये। डीएसई बादल राज ने साफ चेतावनी दी है कि यदि आरोप सही पाये जाते हैं तो आरोपी शिक्षक को किसी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

# संसद में संथाली भाषा की एंट्री ने गर्व से भर दिया : चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि संसद में संथाली भाषा की एंट्री ने सभी आदिवासियों को गर्व से भर दिया। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि देश की प्रमुख भाषाओं के साथ, अब संसद में चल रही कार्यवाही का अनुवाद संथाली में भी उपलब्ध होगा। झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, बिहार, छत्तीसगढ़, असम समेत कई राज्यों में बोली जाने वाली संथाली भाषा को यह सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के प्रति पूरे आदिवासी समाज की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। कहा कि देश की प्रमुख भाषाओं के साथ संसद में संथाली की उपस्थिति, इस भाषा की विकास-यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

संसद में नियुक्त किये गये संथाली अनुवादकों को बधाई

चंपाई सोरेन ने संसद में नियुक्त किये गये संथाली अनुवादकों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी हैं। भारतीय संसद में संथाली भाषा (ओलचिकी लिपि) की एंट्री ने इस भाषा को बोलने वाले करोड़ों लोगों समेत सभी आदिवासियों को गर्व से भर दिया है। भाषा, संस्कृति एवं लोक परंपराएं आदिवासी समाज का अटूट हिस्सा रही हैं।

## झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का **तृतीय (मानसून) पूरक सत्र** दिनांक-22.08.2025 (शुक्रवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में **बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

ह०/-
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क - 02/2025-2027 / वि. स., राँची,
दिनांक : 20.08.2025

# झारखंड में पर्यटन को मिलेगा नया आयाम : सुदिव्य सोनू

### मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**योजनाओं, संभावनाओं और आवश्यक सुधारों पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के उद्देश्य से बुधवार को मंत्री सुदिव्य सोनू ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस समीक्षा बैठक में पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं, संभावनाओं और आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के बाद मंत्री सोनू ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड को भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देना न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। मंत्री सोनू ने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से झारखंड देश के प्रमुख पर्यटन हब के रूप में उभरेगा। बैठक के प्रमुख बिंदु रहे-पर्यटन स्थलों का बुनियादी ढांचा सुधार। पर्यटन सर्किट का विकास। पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा। डिजिटल प्रचार-प्रसार। निवेश को बढ़ावा।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार आज

**रांची।** आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार कांग्रेस भवन में 21 अगस्त को लगाया जायेगा। जनता दरबार दिन के 11 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी। उन्होंने बताया कि जनता दरबार जनता से सीधे जुड़ाव का सिर्फ एक माध्यम ही नहीं बल्कि आम लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास है ताकि जनता का भरोसा सरकार और प्रशासन पर कायम रहे।

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

**आम सूचना**

पत्रांक– 899/न0प0, दिनांक–20.08.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में शहीद विनय भारती पार्क की बन्दोबस्ती हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित आम सूचना में न्यूनतम डाकवक्ता के द्वारा भाग नही लेने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–29.08.2025 को समय 12:00 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–30.08.2025 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद विनय भारती पार्क | कार्यादेश की तिथि से पाँच वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 12,50,000.00 | 1,25,000.00 |

नोटः–1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–29.08.2025 को 12:00 बजे अपराह्न।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 360005 Urban Development(25-26)#D

## कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग

नियर जिला स्कूल, झील रोड, हजारीबाग पिन–825301 (झारखण्ड)
email-ncrta-hazaribag@jharkhandmail.gov.in

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक दिनांक **03-11-2025** को पूर्वाह्न **11:00** बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के सभा–कक्ष में आहूत की गयी है। उक्त बैठक में अधिसूचित मार्गों पर नवीन **सवारी परमिट, वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा, सवारी परमिट नवीकरण/समय–सारिणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर आदि से संबंधित आवेदन पत्रों पर तथा पूर्व प्राधिकार की बैठक में लंबित विषयों** पर विचार किया जाएगा। वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा परमिट, सवारी परमिट नवीकरण/समय–सारिणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर/प्रतिहस्ताक्षर नवीकरण से संबंधित आवेदन ऑनलाईन spermit.jharkhand.gov.in पर ही स्वीकार किए जाएगें। आवेदन समर्पित करने एवं अन्य तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की जाती हैः–

| | |
|---|---|
| बैठक की सूचना का प्रकाशन | 21.08.2025 |
| Online आवेदन करने की अंतिम तिथि | 08.09.2025 |
| समय–सारिणी का प्रकाशन spermit.jharkhand.gov.in पर | 18.09.2025 |
| Online आपत्ति समर्पित करने की अंतिम तिथि | 06.10..2025 |
| प्राधिकार की बैठक की तिथि | 03.11.2025 |

1. **Online** आवेदन संबंधित वाहन के अद्यतन कागजातों यथा निबंधन पुस्तिका, अद्यतन कर प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुषण प्रमाण–पत्र (कम से कम दिनांक 10.11.2025 तक मान्य) एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ **Upload** होना चाहिए,
2. आवेदन पत्र के साथ एक स्व–घोषणा पत्र देना होगा जिसमें सभी कागजातों की सत्यता, वाहन के स्पेयर के संबंध में स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक होगा,
3. वातानुकूलित डीलक्स बस/डीलक्स बस से संबंधित आवेदन रहने पर इसका प्रमाण पत्र संबंधित मोटरयान निरीक्षक का समर्पित करना आवश्यक होगा,
4. प्रतिहस्ताक्षर हेतु दिए जाने वाले आवेदन–पत्रों के साथ परमिट की प्रति, निबंधन–पुस्तिका, अद्यतन कर–प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण–पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुशण प्रमाण–पत्र एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्व–हस्ताक्षरित प्रति **Upload** किया जाना अनिवार्य होगा,
5. आवेदक द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाईन किया जाएगा,
6. नवीकरण से संबंधित आवेदनों पर बैंक से वित्त प्रदत्त रहने पर संबंधित बैंक से अनापत्ति प्रमाण–पत्र **Upload** करना अनिवार्य होगा,
7. प्रस्तावित समय–सारिणी पर की जाने वाली आपत्ति संबंधित परमिट समय–सारिणी की स्व–हस्ताक्षरित प्रति एवं मान्य शुल्क के साथ **Upload** किए जाने पर ही आपत्तियों को विचार हेतु प्राधिकार की बैठक में सम्मिलित किया जाएगा। आपत्ति आवेदन में स्पष्ट रूप से आपत्ति बिंदु का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा,
8. परमिट की स्वीकृति के उपरांत परमिट निर्गमण के समय संबंधित वाहन का सभी मूल कागजात सत्यापन हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा,
9. वाहन स्वामी अपने वाहन का श्रेणी (Category) निर्धारित करने के उपरांत ही आवेदन करेगें।
10. वाहन स्वामी वाहन के समय सारिणी का प्रस्ताव देने से पूर्व एक स्टेज से दूसरे स्टेज की दूरी एवं मानक गति सीमा के अंतर्गत देगें।
11. वैसे वाहन स्वामी का आवेदन जिनका किसी अन्य वाहन का कर प्रमादी (Tax Defaulter) होने पर आवेदन बैठक में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।
12. बैठक की सूचना की तिथि से ही नवीन सवारी परमिट का ऑनलाईन आवेदन मान्य होगा।
13. आयुक्त सह अध्यक्ष महोदय के अनुमोदनोपरांत अन्य विशयों पर भी बैठक में विचार किया जा सकता है।

उपरोक्त दृष्टिकोण से त्रुटिपूर्ण आवेदन पर प्राधिकार की बैठक में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

ह0/–
उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 359980 (Transport)25-26*D

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनायी गयी

# राजीव गांधी ने की थी विकसित भारत की कल्पना: केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस भवन में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनायी गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी ने विश्व पटल पर देश को अग्रणी ले जाने की नींव रखी थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में भविष्य के विकसित भारत की कल्पना की थी और इसे धरातल पर उतारने का प्रयास प्रारंभ कर दिया था। दूरसंचार क्रांति, कंप्यूटर युग की शुरूआत इसका उदाहरण है। केशव महतो ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश के विकास और राजनीतिक भूमिका में युवाओं के योगदान को उन्होंने महसूस किया और मतदान की उम्र सीमा घटकर 18 वर्ष की। वे देश को दुनिया की उच्च तकनीक से पूर्ण करना चाहते थे, 21वीं सदी के भारत का निर्माण करना चाहते थे। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक विकास योजनाएं चलायीं, ग्रामीणों को उनका हक देने के लिए पंचायती राज की परिकल्पना की और उसे धरातल पर उतारा।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोंगाड़ी, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, अभिलाष साहू, आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू, एम तौसीफ, केदार पासवान, राजेश सिन्हा सन्नी, राजन वर्मा, नेली नाथन, मनोज सहाय, जगदीश साहू, ईश्वर आनंद, शकील अख्तर, राकेश किरण महतो, सुनीत शर्मा, शांतनू मिश्रा, नवीन कुमार सिंह, सुरेन राम, निरंजन पासवान, निलांबर साहू, रश्मि पिंगुआ, मीना बाड़ा, राजेश चंद्र राजू, मो आरिफ, धिरेंद्र प्रताप, संजय कुमार, हिमांशू, अमित साहू, प्रेम नाथ मुंडा, रामानंद केशरी सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




# स्वर्णिम भारत एक्सपो का आयोजन आज से

**कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आगामी 21 अगस्त से स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का आयोजन शुरू होगा। आयोजन का समापन 23 अगस्त को होगा। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रदर्शनी सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में और परिचित फाउंडेशन की ओर से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अजय राय ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक धरोहर और सरकारी पहलों को प्रदर्शित करना है। इसके साथ ही यह एक्सपो सरकारी विभागों को नागरिकों, युवाओं और उद्यमियों से जोड़ने का भी प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि एक्सपो के मुख्य आकर्षणों में वैज्ञानिक उपलब्धियों की प्रदर्शनी, युवाओं और उद्यमियों के लिए संवादात्मक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरकार-उद्योग-अकादमिक जगत के बीच सहयोग बढ़ाने की पहल शामिल है।

प्रदर्शनी में देश के कई प्रमुख संस्थान और विभाग भाग लेंगे। इनमें परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएइ), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भारत (जीएसआइ), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस), केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) सहित कई मंत्रालय और संस्थान शामिल होंगे।

# कुख्यात अपराधी मयंक सिंह को लाने अजरबैजान रवाना हुई झारखंड एटीएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कुख्यात और मोस्ट वांटेड अपराधियों में शुमार मयंक सिंह को भारत लाने की तैयारी अंतिम चरण में है। झारखंड एटीएस की एक टीम उसे अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर लाने के लिए रवाना हो चुकी है। दूसरी ओर, झारखंड के उन सभी जिलों में जहां मयंक के खिलाफ केस दर्ज हैं, वहां पुलिस ने मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है, ताकि उसकी सजा सुनिश्चित की जा सके।

झारखंड एटीएस की टीम 23 अगस्त 2025 को मयंक सिंह को अजरबैजान से भारत लायेगी। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को अजरबैजान से कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत लाने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं। इस ऑपरेशन की अगुवाई झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा स्वयं कर रहे हैं।



## जांच में जुटी जिला पुलिस

जहां एक तरफ मयंक को भारत लाने की प्रक्रिया चल रही है, वहीं दूसरी ओर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर उन सभी थानों में केसों की समीक्षा शुरू कर दी गयी है जहां उसके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। अपराधी को सजा दिलवाने के लिए ठोस सबूत और गवाहों को मजबूत करने की दिशा में काम हो रहा है। झारखंड पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार मयंक सिंह के खिलाफ राज्यभर में कुल 48 मामले दर्ज हैं। इनमें सबसे अधिक केस हजारीबाग जिले के विभिन्न थानों–बड़कागांव, केरेडारी, कोर्रा, हजारीबाग सदर–में दर्ज हैं। रांची, रामगढ़, पलामू और गिरिडीह जिलों में भी उसके खिलाफ गंभीर मामले हैं। इसके अलावा, उस पर छत्तीसगढ़ के रायपुर और राजस्थान में भी मुकदमे दर्ज हैं। प्रत्यर्पण के बाद वहां की पुलिस भी उससे पूछताछ करेगी।

## रेड कॉर्नर नोटिस और गिरफ्तारी

एटीएस ने रामगढ़ के भदानीनगर थाना कांड संख्या 175/22 के आधार पर मयंक के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इसके बाद इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ। इसी के तहत 29 अक्टूबर 2024 को उसे अजरबैजान में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद वहां की सरकार ने भारत से प्रत्यर्पण के लिए डोजियर मांगा, जिसे विदेश मंत्रालय के माध्यम से भेजा गया।

डोजियर की समीक्षा के बाद बाकू की अपराध न्यायालय ने 27 जनवरी 2025 को मयंक सिंह के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। इसके बाद सीबीआइ, नयी दिल्ली ने झारखंड एटीएस को इस पर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिये। 4 अगस्त 2025 को अजरबैजान सरकार ने भारत को सूचित किया कि मयंक सिंह को 22 अगस्त को भारतीय अधिकारियों को सौंपा जायेगा। इसके लिए भारत सरकार ने जरूरी राजनीतिक मंजूरी और अधिकारियों को आधिकारिक पासपोर्ट जारी किये हैं।

# राजीव गांधी जयंती पर पौधरोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी एवं महात्मा फुले संस्थान, रांची के सौजन्य से बुधवार को वाइएमसीए पब्लिक स्कूल, धुर्वा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 81वें जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाये और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जन्मदिवस पर केक काटकर राजीव गांधी की स्मृतियों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच मिठाइयां भी बांटी। वित्त मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी का जीवन देश की प्रगति, नवाचार और तकनीकी विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने कहा कि राजीव गांधी का शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति एक स्पष्ट दृष्टिकोण था और उन्होंने देश के युवाओं के लिए आधुनिक भारत का निर्माण करने की सोच रखते थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई रिफॉर्म किये और जवाहर नवोदय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय शामिल है। इस मौके पर आलोक दुबे, अरुण कुमार सिंह, किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनीषा शर्मा ने प्राचार्या का पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में मनीषा शर्मा ने आधिकारिक तौर पर संस्थान की नयी प्राचार्या का पदभार ग्रहण कर लिया है। अपने अनुभव, शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थान के भविष्य के लिए एक प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ, श्रीमती शर्मा अपनी गतिशीलता और नेतृत्व क्षमता से विद्यालय का गौरव बढ़ा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव के साथ, उन्होंने एक उत्कृष्ट शिक्षाविद् के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।



श्रीमती शर्मा एक ऐसे शिक्षण वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो शैक्षणिक उत्कृष्टता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समावेशिता और समग्र विकास को बढ़ावा दे। वे विद्यालय को एक ऐसे स्थान के रूप में देखती हैं जहां छात्र न केवल ज्ञान से सुसज्जित हों, बल्कि मूल्यों, रचनात्मकता और गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के आत्मविश्वास से भी सशक्त हों।

संपूर्ण विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक स्वागत किया। साथ ही उनके कुशल नेतृत्व में आने वाले सकारात्मक बदलावों और उपलब्धियों की प्रतीक्षारत है। विद्यालय परिवार ने उन्हें विद्यालय के शीर्ष पर इस प्रेरक यात्रा की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

# झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ लिमिटेड की एक दिवसीय कार्यशाला




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ) के संस्थागत त्रिस्तरीय सहकारी संरचना के पुनर्गठन के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों पर परिचर्चा/परामर्श एवं कार्य योजना आदि के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल द चाणक्या बीएनआर, रांची में किया गया। राज्य में संस्थागत त्रिस्तरीय सहकारी व्यवस्था को सुचारू ढंग से स्थापित करने के लिए विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गयी। जेएमएफ के अंतर्गत रीजनल मिल्क यूनियन के गठन उपरांत संस्थागत त्रिस्तरीय सहकारी संरचना के पुनर्गठन की योजना को क्रियान्वित किये जाने के लिए झारखंड राज्य सहकारी अधिनियम में आवश्यकता आधारित संशोधन के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किये जाने पर चर्चा की गयी। पूर्व में गठित और वर्तमान में निष्क्रिय एवं अवक्रमित 12 जिला दूध सहकारी संघ को विघटित करने और निर्धारित समय सीमा के तहत रीजनल मिल्क यूनियन का निबंधन करने पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में अबूबक्कर सिद्दिक, विभागीय सचिव (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग), झारखंड; डॉ. मनोज तिवारी, उप निदेशक (डेयरी), झारखंड; सूर्य प्रताप सिंह, सहायक निबंधक (सहाकरी समितियां), झारखंड; जेएमएफ से संबद्ध चुनिंदा डेयरी सहकारी समितियों के अध्यक्ष; राजेश गुप्ता, ग्रुप प्रमुख (सहकारिता सेवाएं), जयदेव बिस्वास, प्रबंध निदेशक, जेएमएफ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यशाला के आयोजन से एनडीडीबी ने झारखंड सरकार से हुए एमओयू के अंतर्गत संस्थागत त्रिस्तरीय सहकारी व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। पिछले 11 वर्षों में जेएमएफ ने दूध संकलन और विपणन में 20 गुना से ज्यादा वृद्धि दर्ज की है।

# दिनेश गोप को मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी ने किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को इडी ने अपने शिकंजे में लिया है। मनी लॉन्ड्रिंग के इल्जाम में इडी ने दिनेश गोप को गिरफ्तार कर लिया है। दिनेश गोप फिलहाल जेल में बंद है। इडी ने उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेष अदालत में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि दिनेश गोप झारखंड के कुख्यात उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का सरगना है। करीब दस साल पहले तक इस संगठन का रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और चाइबासा के कई इलाकों में वर्चस्व था। संगठन लेवी वसूली और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देता रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि दिनेश गोप जेल के भीतर से भी संगठन को संचालित करता रहा है। दिनेश गोप को मई 2023 में पुलिस ने नेपाल से गिरफ्तार किया था। पहले उसे रांची सेंट्रल जेल में रखा गया, लेकिन सुरक्षा कारणों और जेल से संगठन चलाने के आरोपों की वजह से समय-समय पर अन्य जेलों में भी शिफ्ट किया जाता रहा।

# डोरंडा कॉलेज में इंपैक्ट ऑफ टैरिफ इन इंडिया पर सेमिनार का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** डोरंडा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ज्वलंत मुद्दा टैरिफ वार को लेकर भारत के संदर्भ में इंपैक्ट ऑफ टैरिफ इन इंडिया शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में डोरंडा कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा ने अध्यक्षता की। सेमिनार में वक्ताओं ने टैरिफ वार के प्रभावों पर चर्चा की और इसके संभावित लाभ-हानि के बारे में बताया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष अस्सिटेंट प्रो. पुष्पा कुमारी बिन्हा ने गेट से लेकर डब्ल्यूटीओ तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पेटेंट संबंधी अधिकार एवं भारत के कृषि संबंधी डब्ल्यूटीओ में जीत के बारे में चर्चा की। डॉ नीतीश राज ने टैरिफ वार से हुए नुकसान को चीन जैसे देशों के साथ होने वाली अच्छे संबंध की चर्चा की। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. पुष्पा कुमारी बिन्हा ने प्राचार्य और शिक्षकगण तथा छात्र छात्राओं का आभार ज्ञापन किया। प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने इम्पैक्ट ऑफ टैरिफ को समस्या के रूप में न देखकर एक नये अवसर के रूप में अपना विचार रखा और युवाओं को अपने ज्ञान को बढ़ाने में ध्यान देने की सलाह दी। सेमिनार में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने विचार प्रस्तुत किये। छात्रों ने इरम, सरफराज विकास, तुषार, सुमित, प्रताप, ज्योति, रानी, सबिता, पायल आदि ने अपना सहयोग दिया।

# कोलकाता मेट्रो का नया अध्याय: 9 लाख से अधिक यात्री करेंगे हर दिन सफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आधारभूत संरचना में युगांतरकारी बदलाव हुए हैं। ऐसा ही बदलाव कोलकाता मेट्रो में भी हुआ है जहां प्रतिदिन 9 लाख से अधिक यात्रियों के सफर के लिए रेलवे नेटवर्क को विस्तृत किया गया है।




वस्तुतः भारत में मेट्रो सेवा की नींव रखने वाला शहर कोलकाता अब मेट्रो नेटवर्क के मामले में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। अब हर दिन कोलकाता मेट्रो से करीब 9.15 लाख यात्री सफर कर सकेंगे। इस बदलाव की बुनियाद बनी है 3 मेट्रो सेक्शन की 366 नयी मेट्रो ट्रेन सेवाएं जो यात्रियों को तेज और नियमित सेवा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन पर 2.45 किलोमीटर लंबी एस्प्लानेड-सियालदह मेट्रो सेक्शन, येलो लाइन पर 6.77 किलोमीटर लंबी नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेक्शन और ऑरेंज लाइन पर 4.4 किलोमीटर लंबी हेमंत मुखोपाध्याय-बेलेघाटा मेट्रो सेक्शन का उद्घाटन करेंगे और तीनों ही लाइनों पर 3 मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 366 नयी मेट्रो सेवाओं का सबसे बड़ा लाभ ग्रीन लाइन के यात्रियों को होगा। जिसपर सेवाओं की संख्या बढ़कर 186 हो गयी है। साथ ही, ऑरेंज लाइन पर अब 60 सेवाएं और येलो लाइन पर 120 सेवाएं यात्रियों की राह आसान बनायेंगी। नयी सेवाओं से अधिक ट्रेनों की उपलब्धता बढ़ेगी, इंतजार का समय घटेगा और भीड़-भाड़ से राहत मिलेगी। ग्रीन लाइन - एस्प्लानेड से सियालदह (2.45 किमी)। यह सेक्शन शहर के लिए सबसे बड़ी राहत लेकर आया है। अभी हावड़ा और सियालदह जैसे दो बड़े रेलवे टर्मिनलों के बीच पहुंचने में सड़क से 40-45 मिनट तक लगते हैं। अब मेट्रो से यह सफर सिर्फ.11 मिनट में पूरा होगा। रोजाना लाखों यात्रियों के लिए यह समय बचत किसी वरदान से कम नहीं होगी।

दूसरी बड़ी उपलब्धि है येलो लाइन - नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर (6.77 किमी)। अब एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए सड़क से यात्रा करने वालों को नया विकल्प मिलेगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री, एयरलाइन स्टाफ और एयरपोर्ट कर्मचारी सब तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव करेंगे। दमदम कैंटोनमेंट से इंटरचेंज सुविधा मिलने से पूरे शहर और प्रमुख रेलवे स्टेशनों तक सीधा कनेक्शन भी आसान हो जायेगा। एस्प्लानेड से एयरपोर्ट तक अब यह दूरी सिर्फ.30 मिनट में पूरी होगी।

तीसरी कड़ी है ऑरेंज लाइन-हेमंत मुखोपाध्याय से बेलेघाटा (4.4 किमी)। यह विस्तार साइंस सिटी, बड़े अस्पतालों, स्कूलों और व्यावसायिक केंद्रों को जोड़ेगा। यात्रियों की संख्या यहां दोगुनी होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि बेलेघाटा से कवि सुभाष तक की यात्रा भी अब सिर्फ. 32 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इससे दक्षिण कोलकाता और पूर्वी कोलकाता के बीच सफर बेहद आसान हो जायेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में 24 को नंदोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में 24 अगस्त को अपराह्न दो बजे से नंदोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंद उत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव पर कोलकाता से पधार रहे संगीतमय नृत्य नाटिका, भजनों, अलौकिक श्रृंगार का भव्य आयोजन किया गया है। महोत्सव में महाप्रसाद, सामूहिक महाआरती तथा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या मे पधारने की अपील की है।

### अर्चित आनंद फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर चुने गये



**रांची (आजाद सिपाही)।** नैनीताल, उत्तराखंड में बुधवार को हुए एफएआइ के चुनाव में अर्चित आनंद निर्विरोध चुने गये। 2025 से 2029 तक के लिए यह कमेटी निर्वाचित हुई है। ज्ञात हो की सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। अध्यक्ष पद पर एसडी पाटिल, महासचिव पद पर राजीव मेहता और कोषाध्यक्ष पद पर डीके साहू निर्वाचित हुए हैं। अर्चित आनंद झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष भी हैं। इस चुनाव में झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए। साथ ही एफसीए, सीएफएफ और आइओए के प्रतिनिधि भी शामिल थे। यह जानकारी कन्हैया सिंह ने दी है।

### युवा साहित्यकार और फिल्म निदेशक सौरभ भारद्वाज को मिला अटल साहित्यकार सम्मान




**पटना/ रांची (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बुधवार को बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना के सभागार में एक भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची के युवा साहित्यकार एवं फिल्म निर्देशक सौरभ भारद्वाज को उनकी साहित्य साधना और सृजनशील लेखन के लिए प्रतिष्ठित अटल साहित्यकार सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, उद्घाटनकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सुलभ ने की। मंच पर मौजूद विशिष्ट हस्तियों ने संयुक्त रूप से सौरभ भारद्वाज को सम्मान-पत्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सौरभ भारद्वाज साहित्य और फिल्म दोनों क्षेत्रों में सक्रिय हैं। एक साहित्यकार के रूप में वे पिछले एक दशक से कविताओं, कहानियों और गद्य लेखन के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को स्वर दे रहे हैं, वहीं फिल्म निर्देशक के रूप में एवीएन प्रोडक्शन के तहत रचनात्मक कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में उनके योगदान की सराहना करते हुए विशिष्ट अतिथियों ने उनकी आगामी कृतियों काव्य सुरभि और नीले नीर नयन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रांची (आजाद सिपाही)।** रातू रोड स्थित स्कूल से जुड़े कथित शिक्षक उत्पीड़न प्रकरण पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने गंभीरता से पहल की है। राय ने बुधवार को विद्यालय के प्रभारी से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी हासिल की। प्रभारी प्राचार्य ने बातचीत में बताया कि अब तक विद्यालय के किसी भी छात्रा की ओर से इस संदर्भ में कोई लिखित शिकायत विद्यालय प्रशासन को प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस शिक्षक पर आरोप लगाये गये हैं, उस संबंध में पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है। प्राचार्य के अनुसार, शिक्षक की पत्नी द्वारा दी गयी शिकायत को ही आगे बढ़ाया गया है और इसे विद्यालय का अंदरूनी मामला नहीं माना जा सकता। इस पूरे संदर्भ में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि चूंकि यह मामला बच्चों की सुरक्षा और बाल अधिकारों से जुड़ा हुआ है, अतः सच्चाई सामने आना आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नयी दिल्ली के अध्यक्ष को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उक्त सारी जानकारी झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

### धर्मेंद्र तिवारी ने नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों के नियमितीकरण की मांग की



**रांची।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड सरकार से मांग की है कि राज्य के अधीनस्थ विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 700 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों का तत्काल समायोजन/नियमितीकरण किया जाये। तिवारी ने कहा कि वर्ष 2017-18 से विधिवत चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त ये शिक्षक पिछले आठ वर्षों से राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन शिक्षकों का शीघ्र नियमितीकरण किया जाये। उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 में सरकार ने 2404 पदों की अनुशंसा जेपीएससी को भेजी है, लेकिन इसमें वर्तमान नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि इन पदों में से लगभग 700 पद वर्तमान में कार्यरत नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए सुरक्षित रखे जाये। तिवारी ने कहा कि इन शिक्षकों को समान वेतनमान, सेवा सुरक्षा और सभी वैधानिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। तिवारी ने कहा कि यदि सरकार ने इस विषय पर शीघ्र ठोस पहल नहीं की, तो शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील किया कि शिक्षा विभाग के फिलहाल मंत्री आप ही हैं संवेदनशीलता दिखाते हुए इन शिक्षकों की सेवा को मान्यता दें और राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को स्थिरता और मजबूती प्रदान करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# सूर्या हांसदा की हत्या को लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश, कैंडल मार्च निकाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या को लेकर आदिवासी समाज आक्रोश में है। बुधवार को कचहरी स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के सामने आदिवासी समाज के प्रतिनिधि संग समाज के लोग एकजुट हुए। यहां से पैदल कैंडल मार्च करते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे। जहां पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि विधायक प्रत्याशी सूर्या हांसदा हत्या को पुलिस एनकाउंटर बताकर समाज को गुमराह कर रहा है। झारखंड में आदिवासी नेताओं की चुन चुनकर हत्या की जा रही है। आदिवासी समाज के अगुवा अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। एक-एक कर आदिवासी समाज के अगुवाओं को निशाना बनाया जा रहा है।



### यह सोची-समझी साजिश है : निशा भगत

सामाजिक कार्याकर्ता निशा भगत ने कहा कि सूर्या हांसदा ने हमेशा हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी। उनकी हत्या को एनकाउंटर का नाम दिया जा रहा है, जो सोची-समझी रणनीति है। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच सीबीआइ से करायी जाये, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### आदिवासी आंदोलन को दबाने की हो रही कोशिश

जय आदिवासी केंद्र परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने कहा कि सूर्य हांसदा की हत्या जानबूझकर की गयी है। यह आदिवासी समाज के आंदोलन को दबाने की कोशिश है। कांके सरना समिति के अध्यक्ष डबलू मुंडा ने कहा कि सूर्या हांसदा आदिवासी समाज के उभरते हुए नेता थे। पुलिस-प्रशासन हत्या को एनकाउंटर का रूप देने की कोशिश कर रहा है। इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंपा जाये।

# सहायक आचार्य भर्ती: जेएसएससी की अतिरिक्त शर्त पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

## यदि विज्ञापन और नियमावली में टकराव होता है, तो नियमावली ही प्रभावी मानी जायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की पीठ ने सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) भर्ती से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा आदेश पारित किया है। मामला राजेश मिस्त्री बनाम राज्य सरकार शीर्षक से दायर हुआ था, जिसकी पैरवी अधिवक्ता चंचल जैन ने की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन ने दलील दी कि झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने भर्ती विज्ञापन में नियम विरुद्ध शर्त जोड़ दी कि स्नातक स्तर पर समाज विज्ञान संबंधित





विषय को लगातार तीन वर्षों तक पढ़ना अनिवार्य होगा। जबकि झारखंड प्राइमरी स्कूल असिस्टेंट टीचर (सहायक आचार्य) कैडर नियमावली, 2022 के अनुसार केवल संबंधित विषय में केवल स्नातक की डिग्री ही पर्याप्त है। याचिकाकर्ता का कहना था कि यह अतिरिक्त शर्त पूरी तरह नियमविरुद्ध और मनमानी है।

हाइकोर्ट ने 20 अगस्त 2025 को हुई सुनवाई में मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने याचिकाकर्ता के लिए सामाजिक विज्ञान विषय के तहत परा-शिक्षक श्रेणी में पद सुरक्षित रखने का निर्देश दिया और जेएसएससी को छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

इस आदेश को भर्ती से जुड़े हजारों अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण मिसाल माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि विज्ञापन और नियमावली में टकराव होता है, तो नियमावली ही प्रभावी मानी जायेगी।

## सीपीआइ का 24वां जिला सम्मेलन संपन्न

# अजय सिंह फिर से जिला सचिव चुने गये





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआइ) का 24 वां जिला सम्मेलन बुधवार को रांची स्थित पार्टी के राज्य कार्यालय में रमजान कुरैशी सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता लालदेव सिंह और फरजाना फारूकी ने संयुक्त रूप से की। सम्मेलन की शुरूआत शहीद वेदी पर पुष्प अर्पण और शहीदों को श्रद्धांजलि देकर की गयी। इस दौरान वास्ता सोरेन, ओमी लाल आजाद, रमजान कुरैशी, जीतू महतो, केवला उरांव और उस्मान रवानी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने सम्मेलन में राजनीतिक और सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद प्रतिनिधियों ने रिपोर्ट पर विस्तार से बहस की और संगठन के विस्तार और जन आंदोलनों को तेज करने की जरूरत पर बल दिया। एटक के प्रतिनिधि सुनील शाह ने कहा कि पार्टी को सड़क से सदन तक संघर्ष के बल पर आगे ले जाने की आवश्यकता है और संगठन में अनुशासन कायम करना वक्त की मांग है। बहस के समापन के बाद जिला सचिव अजय सिंह ने प्रतिनिधियों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि पार्टी का विस्तार केवल संघर्ष के रास्ते ही संभव है। सम्मेलन में 25 सदस्यीय नयी जिला परिषद का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अजय सिंह को एक बार फिर जिला सचिव चुना गया। संतोष कुमार रजक और फरजाना फारूकी को सहायक सचिव तथा इशाक अंसारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही, आगामी 24, 25 और 26 अगस्त को रांची में आयोजित राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से इशाक अंसारी, सचिदानंद मिश्रा, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, नीरज सिंह, किरण कुमारी, अमीरउल्ला अंसारी, रामकिशोर उरांव, सुरेंद्र दीक्षित, कृष्ण वर्मा, विजय वर्मा, लालदेव सिंह, सुनील साह और संतोष रजक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना सं**
**एस.जी.664–11– टेली 2025 26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। क्रम सं.:– 1, विविरण:– कार्य का नाम:– KRLR - SKTN सेक्शन में रिंग प्रोटेक्शन के लिए 6-Quad और OFC का प्रावधान करने, जिसमें DHN डिवीजन पर CPU सेक्शन के Quad केबल का पुनर्वास शामिल है।, 2. कार्य का आकलित मुल्य:– ₹ 2,89,65,542.75, 3. कार्य का अग्रधन राशि:– ₹ 2,94,800.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:– 11–07–2025 (12:00 बजे)।, 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक / कुरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।, द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http//www.Ireps.gov.In का अवलोकन करे।

वरीय मंण्डल संकेत एवं दूर संचार अमियन्ता
पूर्व मध्य रेल धनबाद
पीआर/0788/डीएचएन/एस&टी/टी/25–26/40

## विश्वकर्मा समाज का शपथ ग्रहण सह अभिनंदन समारोह

# शिक्षा से ही समाज का विकास: सुदिव्य सोनू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कमेटी ने बुधवार को शपथ ग्रहण सह अभिनंदन समारोह का आयोजन स्थानीय विधानसभा सभागार, रांची में किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार शामिल हुए। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कमेटी का विस्तार किया गया और प्रदेश पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। पदाधिकारियों को मंत्री सुदिव्य कुमार ने शपथ ग्रहण कराया।



वहीं मंत्री सुदिव्य कुमार का सामाजिक अभिनंदन किया गया। इसके अलावा, झारखंड प्रशासनिक सेवा (जेपीएससी ) में उत्तीर्ण हुए विश्वकर्मा समाज के राहुल कुमार विश्वकर्मा, स्वाति शर्मा, रंजीत कुमार राणा और झारखंड पुलिस सेवा में आरक्षी उपाधीक्षक (डीएसपी ) के पद पर पदोन्नति प्राप्त पदाधिकारी रूपेंद्र कुमार राणा का भी सामाजिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की त्रिमासिक पत्रिका के प्रकाशन पर निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जेपीएससी में सफलता प्राप्त कर-के विश्वकर्मा समाज के सम्मान को बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है और शिक्षा से समाज का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज को हर संभव मदद करेंगे और राजनीति में आगे आने की जरूरत है।

इसके लिए पंचायत चुनाव में विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों को चुनाव जिताकर लाना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अर्जुन शर्मा, संजय शर्मा, डोमन राणा, देवराज शर्मा, दिनेश राणा, गुप्तेश्वर शर्मा, राजेश शर्मा, देवकी राणा, यदु राणा, सुभाष राणा, गंगाधर शर्मा, विनोद राणा, देवनाथ राणा, सिकंदर शर्मा सहित प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, जिला कोषाध्यक्ष, महिला कमेटी के पदाधिकारी सहित विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।

# नेतरहाट में दो दिवसीय कार्यशाला

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड फोटोग्राफिक एशोसिएशन के द्वारा वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर नेतरहाट में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के फोटोग्राफर सम्मिलित हुए। कार्यशाला का मुख्य विषय लाइट पेंटिंग, सिल्हूट फोटोग्राफी था। इसके मेंटोर मनोज जयसवाल और मुख्य अतिथि संजय बोस थे। कार्यशाला के सफल आयोजन में जीपीए के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मुन्ना, सचिव राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष गौरव भाटिया और गवर्निंग बॉडी और वर्किंग कमेटी के सभी सदस्यों की मुख्य भूमिका रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में

फोटो ओवल, बालाजी फोटो लैब, बेस्ट फोटो लैब, बाबा डिजिटल लैब, विकास फोटो



सेल्स, नोरा फोटो लैब, मंत्र फोटो बुक, सृष्टी क्रिएशन, सिटी फोटो लैब, द गैलरी फोटो, डीएसएलआर वर्ल्ड, केशव फोटो, मेमोरी, फोटो हाउस के कंपनियों का सहयोग रहा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं.; कार्य का विवरण; अनुमानित निविदा मूल्य: (1) टीआरडी-एडीए-ई-टेंडर-16-2025, दिनांक 18.08.2025;** आद्रा मंडल में विविध विद्युतीय टीआरडी सम्पत्तियों का प्रतिस्थापन/सुधार। भाग-I; रु. 1,75,29,696.55। **(2) टीआरडी-एडीए-ई-टेंडर-17-2025, दिनांक 18.08.2025;** आद्रा मंडल में विविध विद्युतीय टीआरडी सम्पत्तियों का प्रतिस्थापन/सुधार। भाग-II; रु. 2,14,25,744.62। उपरोक्त कार्यों के लिए **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 12.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तथा दोनों **ई-निविदाएं** दिनांक 12.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे के उपरांत **खोली जाएगी**। उपरोक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **(PR-544)**

# दिशोम गुरुजी की जीवनी को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाये : झरोटेफ

> पूरे देश का वंचित वर्ग वीर दिशोम गुरु में अपने प्रतिनिधित्व की झलक देखता है : झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झरोटेफ के नेतृत्व में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिलकर दिशोम गुरुजी, शिबू सोरेन जी के जीवन वृत्त राज्य के स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की मांग किया। इस विषय पर झरोटेफ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि दिशोम गुरुजी के जीवन वृत्त पर पाठ्यक्रम तैयार करने के दौरान उनके व्यक्तित्व की विशालता का भी ध्यान रखा जाना चाहिए, उनकी दूरगामी सोच ने ही तत्कालीन केन्द्र सरकार के वनानचली विचारधारा को झारखंडियत सोच में तब्दील करने को विवश कर दिया। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव, रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु, शिबू सोरेन किसी समुदाय, क्षेत्र अथवा समुह विशेष के नेता नहीं थे पूरे देश का वंचित वर्ग उनमे अपना प्रतिनिधित्व की झलक देखता है स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में उनके जीवन वृत्त को सम्मिलित करने से झारखंडी जन-गण एवं बाल-मन को महामानव की कर्तृत्व एवं संघर्षों से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। यह जानकारी झरोटेफ के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नंद ने दी।

संगठन के ध्यानाकर्षण पर शिक्षा सचिव ने अपनी सहमति व्यक्त की और उन्होंने कहा कि इस पर व्यापक कार्य करने की आवश्यकता है विभाग इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगा।

# सांतरागाछी-अजमेर-सांतरागाछी साप्ताहिक पूजा दीवाली-छठ स्पेशल ट्रेना परिचालन 22 सितंबर से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08611/08612 सांतरागाछी - अजमेर - सांतरागाछी साप्ताहिक पूजा - दीवाली - छठ स्पेशल (वाया - रांची) का परिचालन किया जायेगा। ट्रेन संख्या 08611 सांतरागाछी - अजमेर साप्ताहिक पूजा - दीवाली - छठ स्पेशल (वाया - रांची) यात्रा प्रारंभ 22/09/2025 से 24/11/2025 तक प्रत्येक सोमवार को सांतरागाछी से प्रस्थान करेगी (कुल 10 ट्रिप)। इस ट्रेन का सांतरागाछी प्रस्थान (सोमवार) 19:00 बजे, मूरी आगमन (मंगलवार) 02:23 बजे प्रस्थान 02:25 बजे, रांची आगमन (मंगलवार) 03:50 बजे प्रस्थान 04:00 बजे, लोहरदगा आगमन (मंगलवार) 05:08 बजे प्रस्थान 05:10 बजे एवं अजमेर आगमन (बुधवार) 15:00 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08612 अजमेर-सांतरागाछी साप्ताहिक पूजा - दीवाली - छठ स्पेशल (वाया - रांची) यात्रा प्रारंभ 25/09/2025 से 27/11/2025 तक प्रत्येक गुरुवार को अजमेर से प्रस्थान करेगी (कुल 10 ट्रिप) होगा।

इस ट्रेन का अजमेर प्रस्थान (गुरुवार) 23:40 बजे, लोहरदगा आगमन (शनिवार) 05:10 बजे प्रस्थान 05:12 बजे, रांची आगमन (शनिवार) 06:55 बजे प्रस्थान 07:05 बजे, मूरी आगमन (शनिवार) 08:18 बजे प्रस्थान 08:20 बजे एवं सांतरागाछी आगमन (शनिवार)16:00 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआर के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 12 कोच एवं वातानुकूलित 3-टियर के 02 कोच, कुल 20 कोच होंगे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 109 date 18.05.2025. I, MUKESH KUMAR MEHTA, S/o. Ghasi Ram Mahato, resident of - Mousi Bari, Bara Gamharia, P.O. Gamharia, P.S.- Adityapur, Dist.- Seraikella-Kharsawan, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, I am an Indian by citizenship and permanent resident of above - mentioned address.
2. That, my actual and correct name is MUKESH KUMAR MEHTA, which. is mentioned in my Aadhaar Card bearing No. 7828 3110 2336.
3. That, in my Voter ID-Card bearing No. LKL0688416, my name has been written as Bhoju Mahto.
4. That, I have a purchased a landed property bearing Sale Deed No. 5530, dated 25.10.2008, in the said deed my name has been written as Bhoju Mahato.
5. That, Mukesh Kumar Mehta, Bhoju Mahto and Bhoju Mahato is the same and one person, which indicate me only.
6. That, I swear this affidavit to declare above mentioned facts and submit the same before the authority concern for needful and hence this affidavit.

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. No. 90 date 19.08.2025. I, Saddam Husain S/O Jakir Husain R/O-Panchayat Kapilo, Birni Vill Kapilo, P.o- Rupaydih, P.S.- Birni, Rupaidih Giridih Jharkhand do hereby solemnly affirmed declare as under: 1. That I am citizen of India. 2. That my daughter name **Apsara Najmi** Which is mention in my daughter Birth Certificate Being Registration No-2023:004499-2759358.
3. That my Daughter Name **Afsar Najmin** which is mentioned in my aadhar card being Aadhar No-5746 1428 6606.
4. That my Daughter true and correct name is **Apsara Najmi.**
5. Hence I need this affidavit to correct my daughter name **Afsar Najmin** to **Apsara Najmi** in my daughter Aadhar card.
6. That **Afsar Najmin** and **Apsara Najmi** both are same and one person i.e. my daughter.
7. That above mentioned statements are true to best of my knowledge and belief and I have not suppressed any fact.

# विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर साबिर हुसैन ने मजदूरों से ठगे लाखों रुपये, पुलिस जांच में जुटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शातिर ठगों के द्वारा विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी की गयी है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब ठग गिरोह के चंगुल से बाहर निकाल कर मजदूर रामगढ़ थाने पहुंचे। बुधवार को रामगढ़ थाने पहुंचे मजदूर ने पुलिस को बताया कि साबिर हुसैन नामक युवक के द्वारा उन लोगों को ऑस्ट्रेलिया में नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। झारखंड के अलावा मध्य प्रदेश के मजदूरों को भी उसने ऐसा ही झांसा दिया और सभी से लाखों रुपये की ठगी कर ली। रजरप्पा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव निवासी सोमनाथ महतो के द्वारा रामगढ़ पुलिस को एक आवेदन दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके साथ



### इन मजदूर से लिये गये हजारों रुपये

साबिर हुसैन मूल रूप से रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतवे, मस्जिद टोला का रहने वाला है। वह रामगढ़ थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है। उसने सभी मजदूरों को नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। सोमनाथ महतो ने 75000, कमलनाथ महतो ने 90000, श्यामलाल महतो ने 81000, सिया राम महतो ने 85000, अमल कुमार ने 27000, सुरेश महतो ने 57000 और जितेंद्र कुमार ने 60000 रुपये साबिर हुसैन को दिये थे।

उनके गांव के ही कमलनाथ महतो, बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के मंगरो गांव निवासी श्यामलाल महतो, हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बासाडीह गांव निवासी सियाराम महतो, गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाटांड़ निवासी अमल राम, निमियाघाट थाना क्षेत्र के बिखनीडीह निवासी सुरेश महतो और जितेंद्र कुमार से कुल मिलाकर 475000 रुपये की ठगी की गयी है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के आधा दर्जन मजदूरों से भी लाखों रुपये की ठगी होने का अनुमान है। रामगढ़ पुलिस इस पूरे मामले के छानबीन में जुट गयी है। सोमनाथ महतो ने पुलिस को बताया कि साबिर हुसैन ने सभी सात मजदूरों का पासपोर्ट अपने पास रखा। कोलकाता में उन लोगों का मेडिकल करवाया। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट के पास ले जाकर वापस लौटा दिया।

# प्रतीकों की लड़ाई

उपराष्ट्रपति पद के लिए अब दोनों तरफ से उम्मीदवारों का ऐलान हो चुका है। एनडीए के सीपी राधाकृष्णन के मुकाबले आइएनडीआइए ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को उतारा है। संख्या बल में एनडीए यानी सत्ता पक्ष का पलड़ा भले भारी सही, लेकिन यह लड़ाई आंकड़ों से ज्यादा प्रतीकात्मक है। विपक्ष ने एक मजबूत कैंडिडेट उतार कर संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसी मोर्चे पर सरकार को फ्री हैंड नहीं देने जा रही।

**दोनों नाम दक्षिण से :** राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, जबकि सुदर्शन रेड्डी तेलंगाना से। दोनों चेहरों का दक्षिण भारत से होना संयोग नहीं हो सकता और इसी वजह से यह चुनाव और भी दिलचस्प हो जाता है। भाजपा के लिए दक्षिण अब भी मुश्किल जगह है, जबकि विपक्ष के लिए ऐसा मैदान, जहां उसने मजबूत चुनौती पेश की है। उपराष्ट्रपति चुनाव उसी सियासी लड़ाई का विस्तारित रूप है। जिस तरह से टीडीपी ने राधाकृष्णन के समर्थन का ऐलान किया है, उसका असर दिखने भी लगा है।

**मौका और चुनौती :** अगर सौ फीसदी वोटिंग होती है, तो दोनों सदनों में मिला कर चुनाव में जीत के लिए 394 वोट चाहिए होंगे। एनडीए के पास 422 का संख्याबल है। हालांकि उपराष्ट्रपति का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है और सदस्य पार्टी विप से नहीं बंधे होते। सरकार और विपक्ष, दोनों के लिए यह मौके के साथ चुनौती भी है। दोनों तरफ से अपने समर्थन का दायरा बढ़ाने की कोशिश होगी। खासतौर पर दक्षिण से आने वाले क्षेत्रीय दलों पर नजरें होंगी।

**राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, जबकि सुदर्शन रेड्डी तेलंगाना से। दोनों चेहरों का दक्षिण भारत से होना संयोग नहीं हो सकता और इसी वजह से यह चुनाव और भी दिलचस्प हो जाता है।**

**वैचारिक टकराव :** उपराष्ट्रपति का पद किसी पार्टी का नहीं होता। इसकी गरिमा को देखते हुए अगर सर्वसम्मति से किसी को चुना जाता, तो ज्यादा अच्छा रहता। हालांकि अभी की राजनीतिक परिस्थितियों में ऐसी संभावना दूर-दूर तक नहीं दिखती। देश में पिछले कुछ बरसों से जिस तरह का माहौल है, उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष ज्यादातर मौकों पर दो विपरीत ध्रुवों पर नजर आए हैं। जिन मामलों में सदन में सहमति की मांग थी, वहां भी सहमति नहीं दिखी, तो यह चुनाव तय ही था। हालांकि लोकतंत्र में वैचारिक लड़ाई भी महत्वपूर्ण है।

**अहम जिम्मेदारी :** उपराष्ट्रपति पद के इर्द-गिर्द हाल में बहुत हलचल देखने को मिली है। जगदीप धनखड़ जिन परिस्थितियों में और जैसे गए, उसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। उम्मीद है कि यह चुनाव बेहतर माहौल में और इस पद के सम्मान को देखते हुए उसके हिसाब से लड़ा जायेगा। जीत जिसकी भी हो, उस पर लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को आगे ले जाने की अहम जिम्मेदारी होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**बचपन से हमें सिखाया गया कि रोना अच्छा नहीं। लड़के रोते नहीं, मजबूत लोग शिकायत नहीं करते, सब ठीक हो जायेगा - ये वाक्य इतने बार सुने कि अब अपने ही दर्द को महसूस करना हमें गलत लगने लगा है। और जब महसूस ही नहीं करते, तो बांटना भी नहीं आता। लेकिन यह दुख, जो हम बोल नहीं पाते, वह समाप्त नहीं होता - वह भीतर रह कर गूंजता है। एक मौन, जो शब्दों से नहीं, पर हर सांस में सुनायी देता है। यह मौन धीरे-धीरे हमें थका देता है।**

# हम अपना दुख नहीं बांटते और भीतर से टूटते जाते हैं

सुंदरचंद ठाकुर



हम सब जी रहे हैं। हंस रहे हैं, काम कर रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें डाल रहे हैं, मीटिंग्स में भाग ले रहे हैं, घर चला रहे हैं पर क्या भीतर से सच में ठीक हैं?

बहुत कुछ है, जो हम भीतर छुपा कर रखते हैं, ऐसा जो हमने कभी किसी से कहा ही नहीं। शायद इस डर से कि लोग समझेंगे नहीं। या इस संकोच से कि अगर हम बोलेंगे तो लोग हमें कमजोर समझ लेंगे। या शायद इसलिए कि अब हमें खुद को भी वह दुख याद नहीं।

बचपन से हमें सिखाया गया कि रोना अच्छा नहीं। लड़के रोते नहीं, मजबूत लोग शिकायत नहीं करते, सब ठीक हो जायेगा - ये वाक्य इतने बार सुने कि अब अपने ही दर्द को महसूस करना हमें गलत लगने लगा है। और जब महसूस ही नहीं करते, तो बांटना भी नहीं आता। लेकिन यह दुख, जो हम बोल नहीं पाते, वह समाप्त नहीं होता - वह भीतर रह कर गूंजता है।

एक मौन, जो शब्दों से नहीं, पर हर सांस में सुनायी देता है। यह मौन धीरे-धीरे हमें थका देता है। कभी रिश्तों में चुप्पी बनकर आता है, कभी क्रोध बन कर फूट पड़ता है और कभी थकान बन कर पूरे शरीर में फैल जाता है।

**शब्द बांटिए, मौन बांटिए, आंसू बांटिए, क्योंकि जब हम बांटते हैं, तो हम जुड़ते हैं और जब हम जुड़ते हैं, हम ठीक होने लगते हैं।**

हम दुनिया को दिखाने के लिए मुस्कराते हैं, पर भीतर कोई हिस्सा रो रहा होता है। और यह रोना तब सबसे खतरनाक होता है जब हम खुद से भी छिपाने लगते हैं।हम कामयाबी की कहानियां सुनाते हैं, पर दिल की हार किसी को नहीं बताते। लोग कहते हैं - कितना सफल है, पर कोई नहीं जानता कि वह व्यक्ति रात को नींद की दवा लेकर सोता है। और यह सब इसलिए क्योंकि हम अपना दुख नहीं बांटते।

कभी-कभी यह भी सच होता है कि हमारे पास कोई होता ही नहीं जिसे हम सच में अपना कह सकें। कोई ऐसा जो सिर्फ सुने, बीच में टोके नहीं, सलाह न दे, बस थाम ले। पर क्या इसका यह मतलब है कि हम टूटते रहें और किसी को बताएं भी नहीं?

ऐसे में हमें खुद अपने लिए वह साथी बनना होगा। खुद को वह स्थान देना होगा जहां हम खुद से ही बोल सकें। दिन में कुछ समय निकाल कर खुद से पूछें - मैं कैसा महसूस कर रहा हूं?, क्या कोई बात है जो मुझे परेशान कर रही है? और अगर उत्तर में दुख मिले - तो उसे दबाएं नहीं। उसे डायरी में लिखें, आंखों में भर लें या आईने में देख कर कहें - मैं जानता हूं, मैं थका हुआ हूं, पर मैं तुम्हारे साथ हूं।

जब हम अपना दुख पहचानते हैं, स्वीकार करते हैं तो उसका असर बदल जाता है। वह बोझ नहीं रहता, वह अनुभव बन जाता है। और जब हम किसी को अपना दर्द बांटते हैं - शब्दों में या मौन में, तो हम भीतर से थोड़ा हल्का महसूस करते हैं। दुख बांटने का मतलब यह नहीं कि हम दूसरों पर निर्भर हैं। इसका अर्थ है कि हम इंसान हैं और इंसान का सबसे बड़ा गुण यही है कि वह महसूस करता है। अपने लिए और दूसरों के लिए भी।

अगर हम अपने आसपास किसी को चुप देखें, तो बस इतना कहें - मैं हूं, अगर तुम बोलना चाहो तो... कई बार एक वाक्य, एक उपस्थिति, एक हाथ, एक सन्नाटा - किसी टूटते हुए मन को थाम सकता है। हमारा दुख तब तक बढ़ता है, जब तक वह अकेला रहता है। और जैसे ही वह साझा होता है, वह दवा बनने लगता है। शब्द बांटिए, मौन बांटिए, आंसू बांटिए, क्योंकि जब हम बांटते हैं, तो हम जुड़ते हैं और जब हम जुड़ते हैं, हम ठीक होने लगते हैं।

## तेज भागने के चक्कर में हम भूल गये हैं कि जाना कहां है

हम सब तेज भाग रहे हैं। किसी को कुछ हासिल करना है, किसी को कुछ साबित करना है, किसी को किसी से आगे निकलना है। सुबह आंख खुलते ही दौड़ शुरू हो जाती है - काम की, समय की, सफलता की, नाम की। पर कभी सोचा है कि ये रेस किसके लिए है? और किस दिशा में है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि रास्ता ही भूल गये हैं? या शायद मंजिल ही बदल गई है, पर हम रुके नहीं, जांचने नहीं गए। बस उसी रफ्तार से भागे जा रहे हैं, जैसे बस दौड़ते रहना ही जीवन हो। आज की दुनिया में हर चीज फास्ट हो गयी है - फास्ट इंटरनेट, फास्ट फूड, फास्ट डिलीवरी, फास्ट रिजल्ट। धीरे चलने का मतलब है पीछे छूट जाना। ठहरने का मतलब है असफलता। और इस डर में, हम दौड़ते चले जा रहे हैं, पर भीतर कहीं कुछ चुपचाप टूटता जा रहा है।

दौड़ में सबसे पहले जो खोता है, वह है शांति। फिर आता है ध्यान। फिर रिश्ते। और धीरे-धीरे, हम खुद को ही खो देते हैं। हम जो बनना चाहते थे, वह छवि पीछे छूट जाती है। हम जिस इंसान को बचाकर रखना चाहते थे, वो मासूम, वो संवेदनशील, वो सोचने-समझने वाला इंसान - वह इस तेज रफ्तार में कहीं धुंधला पड़ जाता है। हम सुबह जागते हैं, मोबाइल उठाते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं। हर कोई कुछ कर रहा है - किसी ने कोई बड़ी डील क्लोज की है, कोई विदेश घूम रहा है, कोई नया बिजनेस लॉन्च कर रहा है और हम बेचैन हो जाते हैं। लगता है हमें भी दौड़ना है। कहीं पीछे न रह जाएं।

लेकिन रुक कर पूछने वाला कोई नहीं बचा कि क्या जिस रास्ते पर हम भाग रहे हैं, वह वाकई हमारे लिए है? कभी-कभी सबसे बहादुरी भरा कदम होता है रुक जाना। अपनी रफ्तार को धीमा करना। भीतर की आवाज सुनना। खुद से पूछना - क्या मैं खुश हूं? क्योंकि जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह एक यात्रा है। और अगर इस यात्रा में आप सिर्फ भागते रहे और नजारे ही नहीं देखे, तो अंत में बस थकान बचेगी, अनुभव नहीं। कई बार जिनको हम पीछे समझते हैं, वे असल में अपने जीवन के सबसे सुंदर मोड़ पर होते हैं। वे चल रहे होते हैं - फूलों को देखते हुए, रिश्तों को सींचते हुए अपने मन से बातें करते हुए। वे देर से पहुंचते हैं, पर सही जगह पहुंचते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम रफ्तार को सफलता से न जोड़ें। सफलता वह नहीं जो तेज भागने से मिले, सफलता वह है, जो अपने भीतर की सच्चाई को जीने से मिले। शायद हमें रुककर सोचने की जरूरत है - क्या हम जी रहे हैं या बस दौड़ रहे हैं?

इस बात को समझ लीजिए कि भागने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आखिरी में जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है, वह तो एक धीमी नदी है, जो भीतर बहती है।

जो जितना शांत होता है,
वह उतना गहरा उतरता है।
जो जितना धीरे चलता है,
वह उतना अधिक देखता है।
और जो खुद को
पूरे होश में जितना देखने लगे
वही सचमुच और
उतना ही जिंदा होता है।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### विधायक दशरथ गागराई की पहल, सड़क दुर्घटना के घायलों को पहुंचाया अस्पताल

खरसावां (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के पांड्रासाली थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए तीन युवकों को विधायक दशरथ गागराई ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान 28 वर्षीय विजय लेयांगी,26 वर्षीय सुखलाल लेयांगी और 25 वर्षीय विजय लेयांगी के रूप में हुई।सभी घायल पताहातु गांव के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार तीनों युवक चक्रधरपुर से खरसावां जा रहे थे। तभी अचानक उनकी बाइक एक पिकअप वैन से टकरा गयी। सड़क दुर्घटना में तीनों मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह घायल होकर सड़क किनारे पड़े रहे। मौके पर सड़क से गुजरने के दौरान विधायक दशरथ गागराई की नजर पड़ी उन्होंने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सदर अस्पताल चाईबासा भेजवाया। मौके पर विधायक स्थानीय युवाओं से बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें और नशे से दूर रहने की अपील की।

### सुरदा माइंस के मजदूरों ने स्व. रामदास सोरेन को दी श्रद्धांजलि



घाटशिला (आजाद सिपाही)। सुरदा माइंस के मजदूरों ने बुधवार को घाटशिला विधायक सह झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं निबंधन मंत्री स्व. रामदास सोरेन की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर मजदूर प्रतिनिधि सुभाष मुरमू ने कहा स्व.रामदास सोरेन के प्रयास से ही सुरदा माइंस का लीज नवीकरण संभव हो पाया और खदान का संचालन पुनः शुरू हुआ। जिससे करीब 800 मजदूरों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि हम उनके योगदान को सदैव याद करेंगे।मौके पर मजदूर प्रतिनिधि धनंजय मार्डी, समीर मार्डी, सुनील मुरमू, जयराम माहली, फुरमाल माझी, शाहरूख मार्डी, सुराई किस्कू सहित प्रथम पाली के मजदूर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रामदास सोरेन की स्मृति में जिला स्तरीय श्रद्धांजलि सभा 23 अगस्त को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मण्डली पूर्वी सिंहभूम की एक अहम बैठक जमशेदपुर परिषदन में जिला प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बुधवार को बैठक में राज्य के स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन की स्मृति में जिला स्तरीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। श्रद्धांजलि सभा आगामी 23 अगस्त (शनिवार) को टाउन हॉल, घाटशिला में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी।बैठक में मुख्य रूप से विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर महंती, विधायक संजीव सरदार, विधायक सबिता महातो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्माकर, राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, पूर्व सांसद सुमन महातो, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, मनोज यादव, सुनील महातो, हीरामुनी मुर्मू, महावीर मुर्मू समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर वक्ताओं ने कहा स्व. रामदास सोरेन ने सदैव झारखंड की अस्मिता, शिक्षा और जनहित के लिए संघर्ष किया।

### विधायक, विधानसभा में जोर-शोर से उठायेंगे शासन की चरमराई स्थिति

## मुख्यमंत्री, डीएम और एसएसपी को और सख्त होकर प्रशासन को सुदृढ़ बनाना होगा : सरयू राय

**कुछ थानेदार पूर्व में तय अवैध रकम से अब ज्यादा वसूली कर रहे, मुख्यालय, जिला स्तर पर योजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग नहीं हो रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा आगामी विधानसभा सत्र में राज्य सरकार की शासन व्यवस्था की चरमराई हुई स्थिति का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। इस आशय का संकेत वह पहले ही मुख्यमंत्री को दे चुके हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया राज्य में विकास के लिए शासन की व्यवस्था को सक्षम, गतिशील और जिम्मेदार बनाना आवश्यक है। अन्यथा सरकार हर साल बजट और अनुपूरक बजटों के जरिए अरबों रुपये योजनाओं पर खर्च करती रहेगी और ठोस नतीजा सामने नहीं आयेगा। श्री राय ने बताया हाल ही में बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र भ्रमण के दौरान उन्होंने अनुभव किया वहां शासन की व्यवस्था इतनी तत्पर है बड़े-बड़े जनहित के कार्य निर्धारित अवधि में पूरे हो जाते हैं। जबकि झारखंड में बड़ी योजनाओं से लेकर प्रखंड स्तर की योजनाएं तक अधूरी पड़ी रहती हैं। श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर की नगरपालिकाएं योजनाओं पर कुंडली मारकर बैठी रहती हैं। गली-नालियों की सफाई, पेयजल आपूर्ति, विधायक एवं सांसद निधि से स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन या फिर जिला योजना से बनी परियोजनाएं सबमें लापरवाही झलकती है। टाटा स्टील और सरकारी निकायों में भी कोई समन्वय नहीं है। विधायक ने कहा योजनाओं के लंबित रहने का मुख्य कारण, मुख्यालय और जिला स्तर पर इनकी मॉनिटरिंग और निरीक्षण व्यवस्था कमजोर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) और डीसी कार्यालय में प्रॉपर मॉनिटरिंग मैकेनिज्म लागू करने का विधानसभा सत्र में सरकार को सलाह देंगे। श्री राय ने कहा कि पुलिस विभाग में थाना स्तर पर अराजकता की स्थिति है। जब तक मामला एसएसपी तक नहीं पहुंचता, थाना स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई होना मुश्किल है। कई थाना क्षेत्रों में जुआ, मटका, अवैध शराब और अवैध वसूली खुलेआम चल रही है। उन्होंने खुलासा किया कुछ थानेदार पूर्व में तय 'लेन-देन सीमा' से अधिक वसूली करने लगे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री, डीसी और एसएसपी से आग्रह किया वे शासन व्यवस्था को और सक्षम व जिम्मेदार बनाये, ताकि योजनाओं पर खर्च होने वाला अरबों रुपया सही दिशा में लगे और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लग सके।

## पटमदा के कांकु गांव में सोलर जलमीनार बंद, 90 परिवार गंदा पानी पीने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित पश्चिम बंगाल सीमा से सटे पटमदा प्रखंड की ओड़िया पंचायत में कांकु गांव की सोलर संचालित जलमीनार खराब होने से स्थानीय ग्रामीणों की परेशानी बढ़ने लगी है। बीते लगभग एक माह से खराब पड़े जलमीनार के कारण गांव के करीब 90 परिवार डोभा के गंदे पानी पर निर्भर हैं। उधर लगातार हो रही वारिस में गंदा पानी पीने से ग्रामीणों के बीमार होने का खतरा बढ़ने की आशंका मंडरा रही है। ग्रामीणों के अनुसार जलमीनार की खराब होने की जानकारी जलसहिया और स्थानीय मुखिया को दी गयी, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। गांव के श्याम चरण हांसदा, डालिम मुर्मू, निरंजन हांसदा, शंभूनाथ हांसदा और नगेन हांसदा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी दो चापाकल में से एक खराब है और दूसरे से गंदा पानी निकलता है। ग्रामीणों ने बताया उन्हें करीब एक किमी दूर बहाल खेत के डोभा से पानी लाना पड़ता है। बारिश में कीचड़ भरे मेढ़ से गुजरना महिलाओं के लिए बेहद कष्टदायक है। गंदा पानी पीने से कई ग्रामीण बुखार और पेट की बीमारियों की चपेट में भी आ चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जलमीनार की जल्द मरम्मत कराने की मांग की। स्थानीय पत्रकार द्वारा पूछे जाने पर पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने इस संबंध में जानकारी नहीं मिलने की बात कही। फिलहाल ग्रामीणों का परेशानी बढ़ती जा रही है।

### घाटशिला में राजीव गांधी का 81वां जन्मदिन मना



घाटशिला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी का 81वां जन्मदिन स्टेशन चौक पर प्रदेश सचिव तापस चटर्जी के नेतृत्व में मनाया गया। बुधवार को कांग्रेसियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर तापस चटर्जी ने कहा कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी तकनीकें भारत को आधुनिक युग में ले जाने का श्रेय राजीव गांधी को जाता है। उनकी दूरदर्शिता से आज भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मजबूती से खड़ा है। श्री चटर्जी ने कहा अगर राजीव गांधी आज जीवित होते तो भारत और भी अधिक प्रगति पर पहुच चुका होता।इस अवसर पर प्रदेश सचिव तापस चटर्जी, कन्हैया शर्मा, शेख फारूक, सुरजीत मोहुरी, मनोज परीदा, लोबिन सिंह, प्रदीप भद्र, तारक बारिक, संजीवन सीट, शैलेंन सेन सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ईचागढ़ विधायक सविता महतो पहुंची श्याम सुंदर महतो के दशकर्म में, दी श्रद्धांजलि



चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने मधुसूदन पब्लिक स्कूल एवं मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के चेयरमैन सह समाजसेवी श्याम सुंदर महतो के दशकर्म में शामिल हुईं। मौके पर विधायक ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आखों से श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु, उमा सहित मृतक के परिजन व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### नाली क्षतिग्रस्त, ढक्कन से राहगीर परेशान

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 33 स्थित बी जॉन रोड पर नाली का ढक्कन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं।बुधवार को इंटक कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश बालमुचू और बुल्टी चटर्जी ने बताया समस्या के समाधान के लिए वे तीन वर्षों से नगर निगम का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द मरम्मत कराने की मांग की।ताकि आम लोगो को राहत मिल सके।

### विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमेटी का भूमि पूजन, स्वच्छता एवं डेंगू जागरूकता होगी थीम



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बारीडीह स्थित विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमेटी की ओर से टेंगुलर पार्क में दुर्गा पूजा के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को पूजा कमेटी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महासचिव मुकेश कुमार और मीडिया प्रभारी नवीन वर्मा ने बताया इस बार पूजा पंडाल की थीम स्वच्छता और डेंगू जागरूकता पर आधारित होगी। मौके पर भूमि पूजन में कमेटी के सदस्य पीके बस्तिया, मुकेश कुमार, नवीन वर्मा, परशुराम सिंह, राजेश सिंह, प्रियंका, रिंकू राय और संजय झा आदि शामिल रहे।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव 22 को आयेंगे गढ़वा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा क्षेत्र भ्रमण के तहत 22 अगस्त 2025 को गढ़वा आयेंगे। प्रधान सचिव जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 अंतर्गत संचालित की जा रही गतिविधियों पर जलसहिया, मुखियागणों तथा पंचायत सचिव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ संवाद करेंगे। साथ ही पेयजलापूर्ति योजनाओं एवं ओडिएफ प्लस की प्रगति की पंचायतवार एवं प्रखंडवार समीक्षा करेंगे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के प्रधान सचिव के आगमन को लेकर गढ़वा उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए बैठक में उपस्थित होने एवं सभी संबंधित प्रतिभागियों को संवाद कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निर्देशित किया है। गढ़वा जिला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के प्रधान सचिव के आगमन, संवाद कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक के मद्देनजर उपायुक्त गढ़वा का शुक्रवार को निर्धारित साप्ताहिक जनता दरबार तथा न्यायालयी कार्य को स्थगित रखा गया है।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने पदाधिकारियों संग की बैठक

# 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने पर रोक लगाने का निर्देश

**बच्चों के लिए डेडिकेटेड बस स्टॉपेज एवं ब्लड डोनर-फ्री जिला बनाने पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तर पर बाल संरक्षण को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बाल अधिकारों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सभी विभागों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने शिक्षा विभाग से कहा कि जिले में संचालित बिना रजिस्टर्ड स्कूलों का शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराया जाये तथा ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर पुनः शिक्षा से जोड़ा जाए। साथ ही बच्चों के माता-पिता को मनरेगा योजना से जोड़ने पर बल दिया।

आयोग सदस्य ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को श्रम, आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बाल मजदूरी की रोकथाम हेतु नियमित छापामारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंडों एवं नगर क्षेत्रों में बच्चों से संबंधित शिकायत हेतु सुझाव पेटी लगाने का भी निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी सभी विद्यालयों में सुझाव पेटी स्थापित करने का आदेश दिया गया। बैठक में बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल पलायन, बाल श्रम, मादक पदार्थों का सेवन तथा थानों को बाल-मैत्रीपूर्ण बनाने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गयी।

**वाहन संचालन पर कड़ी निगरानी का निर्देश:** श्री तिवारी ने कहा कि आजकल 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी बाइक से स्कूल आते-जाते हैं, जो कि गलत है और दुर्घटनाओं की संभावना को बढ़ाता है। इस पर रोक लगाने हेतु उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी स्कूलों के बाहर नियमित जांच अभियान चलाने एवं नियम तोड़ने पर चालान काटने का निर्देश दिया। साथ ही निजी स्कूलों के ड्राइवर एवं खलासी का कैरेक्टर सर्टिफिकेट अपडेट रखने और उन्हें फुल यूनिफॉर्म में सुनिश्चित करने की बात कही।

**डेडिकेटेड बस स्टॉपेज की आवश्यकता :** आयोग सदस्य ने कहा कि अक्सर बस संचालक बच्चों को चलते-चलते बस से उतार देते हैं जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है। उन्होंने नगर निगम, ट्रैफिक विभाग, सीडब्ल्यूसी और अन्य विभागों को मिलकर बच्चों के लिए अलग से डेडिकेटेड छः बस स्टॉपेज विकसित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत पर चिंता जताते हुए सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने का निर्देश दिया, ताकि बच्चे अपने भविष्य के प्रति सचेत एवं अनुशासित बन सकें।

# मनरेगा उल्लंघन पर शोकॉज को महीना बीता, कार्रवाई अब तक नहीं

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** मनरेगा के मिट्टी-मोरम आधारित कार्यों पर रोक के बावजूद तसरार पंचायत में डोभा योजनाओं के तहत कई लाभुकों को भुगतान कर दिया गया। मामला उजागर होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली ने 14 जुलाई 2025 को बीपीओ, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता,पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मनरेगा ऑपरेटर को शोकोज नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब देने का आदेश दिया था। लेकिन नोटिस जारी हुए अब एक महीना बीत चुका है और आज तक किसी भी जिम्मेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह साफ होता है कि मामला केवल नोटिस तक सीमित रह गया और फाइलों में दबाकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख था कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक मानसून अवधि में डोभा, टीसीबी और मिट्टी-मोरम आधारित कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद तसरार पंचायत में न केवल योजनाओं का भुगतान किया गया, बल्कि कई लाभुकों को डिमांड लगाकर मजदूरी का भुगतान भी कर दिया गया। यह मनरेगा अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। इधर, सबसे अहम सवाल पंचायत मुखिया की भूमिका को लेकर खड़ा हो रहा है। मनरेगा योजनाओं का भुगतान पंचायत मुखिया के डोंगल से होता है, लेकिन इस मामले में मुखिया से न तो स्पष्टीकरण मांगा गया और न ही नोटिस जारी हुआ। इससे साफ प्रतीत होता है कि जानबूझकर मुखिया को बचाने की कोशिश की जा रही है। मामला उजागर होने के बाद उम्मीद थी कि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई होगी, लेकिन महीना गुजर जाने के बाद भी किसी पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब बीडीओ ने खुद अनियमितता स्वीकार करते हुए शोकोज जारी किया था, तो कार्रवाई में देरी और मुखिया को बचाना प्रशासन की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस मामले में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।



# आरके पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती आरके पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनायी गयी। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। निदेशक ने कहा कि सूचना क्रांति के जनक, आधुनिक भारत के शिल्पी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के कार्यकाल को देश भूल नहीं सकता। आज भारत तेजी से सूचना एवं इनफर्मिशन टेक्नोलाजी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। यह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की देन है। पंचायती राज सुदृढ़ीकरण की बात हो, मतदान करने की उम्र सीमा 18 वर्ष की सौगात देश के युवाओं को देना, गरीब और पिछड़े होनहार छात्र -छात्राओं के निःशुल्क शिक्षा के लिए आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना, नयी शिक्षा नीति 1986 यह सब उत्कृष्ट कार्य देश नहीं भूल सकता। शिक्षकों व छात्रों ने राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर उन्हें याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सद्भावना दिवस मनाया, जिसमें स्कूल प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, अनिता सिन्हा, देवेंद्र सिंह, नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, श्वेता पांडेय, रश्मि शुक्ला, एसडी सिंह, सनोज यादव, पूनम राय, विकास तिवारी व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

सगमा (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के पुतुर गांव में बुधवार की देर रात करीब 9:30 बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पेतेहारी गांव निवासी राजेंद्र उरांव का 27 वर्षीय पुत्र लालबहादुर उरांव अपने साढ़ूआरा अजय उरांव के घर जाने के लिए घर से निकला था। लेकिर रात में अंधेरा होने और रास्ता भटक जाने के कारण उसे पुलिया का अंदाजा नहीं हो पाया। इसी दौरान उसने बाइक पर से नियंत्रण खो दिया और सीधा छोटकी पुलिया गिर पड़ा। गिरने के साथ ही उसे गंभीर चोटें आईं। और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक घायल

रमना (आजाद सिपाही)। गढ़वा श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग एनएच 75 पर रमना हरि गणेश मोड़ के समीप हाईवा गाड़ी के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गम्हरिया गांव निवासी देवदत्त विश्वकर्मा को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा ले जाया गया है। विदित हो कि सर्वेश्वरी चौक, हरि गणेश मोड़ होते भगत सिंह चौक तक सड़क के किनारे ठेला, खोमचा पर दुकान लगाने एवं टेंपो व मोटरसाइकिल जैसे तैसे खड़ा कर देने से सड़क संक्रिण हो जाता है। जिससे सड़क जाम व दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है।

## कन्या उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा के द्वारा छात्राओं के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ने विभिन्न सामाजिक कानूनी एवम सुरक्षा संबंधित विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को महिलाओं के बीच होने वाले अपराध जैसे मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम साइबर फ्रेंड और ऑनलाइन धोखाधड़ी ट्रैफिक नियम यौन उत्पीड़न पोस्को एक्ट बाल विवाह व्यक्तिगत सुरक्षा तथा अपराध रोक थाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र तिवारी सहित पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित थे।

## लुट कांड में संलिप्त चार अपराधी धराये

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघीताली गांव के दूधवनिया घाटी से बीते मंगलवार की देर शाम कार सवार अपराधियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर अरविंद साह नामक एक युवक का मोटरसाइकिल, नगदी लूटे जाने की घटना का उद्भेदन भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी और हैदरनगर थाना प्रभारी अफ्जल अंसारी के संयुक्त प्रयास से तीन घंटे के अंदर ही सुड़ीपुर पुल के समीप से लुट कांड में संलिप्त कार सवार चार अपराधियों को लूटे गये बाईक के साथ धर दबोचा। पुलिस की बेहतर कार्यशैली को देखते हुए बुधवार को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर समिति के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय तेली महासंगठन के युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता और ग्रामीण युवाओं ने थाना प्रभारी रजनी रंजन को अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संतोष दूबे, इंद्रजीत गुप्ता, जितेंद्र, वर्मा गुप्ता, चंदन, शिव नंदन, मेघनाथ, सुभाष साह, अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# बीडीएसयू ने एमडीएस फाइनल इयर की परीक्षा का परिणाम घोषित किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एमडीएस फाइनल ईयर के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। यह परीक्षा 19 से 23 जुलाई 2025 को आयोजित की गयी थीं।

इस परीक्षा मे शत प्रतिशत परीक्षार्थी पास हो गये हैं। इस परीक्षा फल के प्रकाशित होने पर वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य प्रो.(डॉ) बसावा राज कल्लाली ने एमडीएस ( फाइनल ईयर ) (सत्रः 2020-23 एवं 2021-24) के छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम की घोषणा के अवसर पर कहा कि मुझे यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि विश्वविद्यालय हमारे कॉलेज के स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए अपने पहले परिणाम घोषित करने के लिए तैयार है। परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्राचार्य प्रो.(डॉ) बसावा राज कल्लाली एवं उनके विभाग के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक को अच्छे परीक्षाफल के लिए बधाई दिया है। उन्होंने इस मौके पर सभी विद्यार्थियों उनके दंत चिकित्सा के साथ-साथ अपने आने वाले समय में स्वार्थ से ऊपर उठकर देश हित में भी अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में 'नशा मुक्ति जागरूकता अभियान' का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं ने 'नशा मुक्ति जागरूकता अभियान' का आयोजन किया। प्रशिक्षुओं ने एनएसएस के तत्वाधान में फरठिया ग्राम तक रैली के माध्यम से 'नशा मुक्त भारत अभियान ' के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए एक अभिशाप के समान है, यदि भारत को विकसित करना है तो हमें अपने समाज को नशा मुफ्त बनाना होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, डॉ मनोज कुमार, आनंद कुमार चौबे, रेखा कुमारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएस एस पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार के द्वारा किया गया।

## रंका में हाथी ने सात व्यक्तियों का घर गिराया, फसलों को रौंदा, खाये अनाज



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत में सात ग्रामीण व्यक्ति का घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया और खेत में लगे धान, मक्का वगैरह फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया तथा घर में रखे चावल आदि अनाज को खा गये। इस संबंध में ग्रामीण कन्हाई साव ने बताया कि कसमार गांव निवासी रामदेव सिंह एवं ब्रजेश सिंह के घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया और खेत में लगे धान, मक्का आदि फसलों को रौंद दिए वहीं कुदरूम गांव निवासी राजकुमार लोहरा, कृष्ण परहिया, जितेंद्र ठाकुर, पनवां देवी के घर को भी हाथी ने ध्वस्त कर दिया और फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। पनवां देवी ने बताया कि कोटा राशन दुकान से बीस किलो चावल लायी थी, जिसे हाथी ने खा गया। वह अपने बेटे के साथ दिवार में चिपक कर किसी तरह जान बचायी। इस प्रकार खासकर जंगली क्षेत्रों में ग्रामीण हाथी के आतंक से लोग परेशान और दहसत में जीवन जीने को मजबूर हैं हैं। हाथी के द्वारा घर गिराने और फसलों को बर्बाद करने तथा अनाज खाने के साथ साथ कितने लोगों को जान गंवानी पड़ी है और वन विभाग इसमें फेलियर साबित हो रही है। भुक्तभोगी लोगों ने सरकार से क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग की है।

### गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप अव्वल रहे प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# टेबल टेनिस के खिलाड़ियों ने राज्य का सम्मान बढ़ाया है : डीएसपी

**जब तक खेल समृद्ध नहीं होगा तब तक विकसित भारत का सपना भी अधूरा रहेगा : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 14वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप और अंतर स्कूल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन वन विभाग के सामुदायिक भवन में किया गया। सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण में विजेता प्रतिभागी के बीच मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यालय डीएसपी यशोद्रा ने कहा कि गढ़वा में टेबल टेनिस का खेल होना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस संघ के लोगों ने कड़ी मेहनत करते हुए जिले से 18 नेशनल खिलाड़ी राज्य को दिये हैं, यहां के खिलाड़ी और संघ के लोगों ने गढ़वा जिले का सम्मान राज्य स्तर पर बढ़ाने का काम किया है। मैं कामना करती हूं कि गढ़वा के खिलाड़ी राज्य ही नहीं देश का प्रतिनिधित्व करें और अपने जिले के साथ-साथ देश का भी नाम रौशन करें। दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबीन बेनी अब्राहम ने कहा कि गढ़वा जिले के टेबल टेनिस खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा ताकि अपने खेल में और बेहतर कर सके।

संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। जीतने वाली खिलाड़ियों को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आज हर रिकॉर्ड टूट रहे हैं। आप अपने खेल में और बेहतर करें इसका प्रयास करें, वहीं हारने वाले लोग हार से दुखी नहीं होते हुए अपने हार की समीक्षा करते हुए अपने खेल में सुधार करें।

अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि खेलों के आयोजन से जहां एक ओर खिलाड़ियों का शारीरिक विकास होता है, वहीं खेलों से एक दूसरे के साथ आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। इस मौके पर उपाध्यक्ष संजय सोनी, सिस्टर रोशना, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, संजय कुमार, विश्व विजय सिंह, बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्रभूषण सिन्हा, आमोद पांडेय, अजय ठाकुर, मिथिलेश कुमार सिंह, प्रिंस दुबे, रोशन धर दुबे सहित कई लोग शामिल थे। समापन सा पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया।


**कार्यालय:- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**
**वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा**
E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 36 दिनांक 23.07.2025 एवं भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 552 दिनांक 25.07.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण कराया जायेगा।

**जलनिधि उपयोजना के कार्यान्वयन हेतु शर्त्ते / प्रावधान :–**

(i) यह योजना झारखण्ड के सभी जिलों में कार्यान्वित होगी। इस योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का निर्माण कराया जायेगा। योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से आच्छादित किया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

(ii) योजना आरम्भ करने के पूर्व योजना स्थल का पानी पंचायतों के साथ रंगीन फोटोग्राफ (कार्य प्रारम्भ से पूर्व, योजना कार्यान्वयन के दौरान एवं योजना पूर्ण होने के उपरान्त) लेकर योजना स्थल का अक्षांश एवं देशान्तर योजना अभिलेख में अंकित किया जायेगा। योजना पूर्ण होने के उपरान्त योजना अभिलेख में पूर्ण योजना का रंगीन फोटोग्राफ पानी पंचायत के सदस्यों के साथ लेकर अंकित किया जायेगा। साथ ही साथ इस योजनान्तर्गत करायेग गये कार्यों का Geo Tagging अनिवार्य रूप से की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में योजना का दोहरीकरण नहीं हो।

**योजना का स्वरूप**

राज्य के कृषकों को सिंचाई संसाधन उपलब्ध कराने हेतु योजना का स्वरूप निम्नवत है :–

(i) डीप बोरिंग की योजना :–

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Length of percolation tank 120 ft. width of percolation tank 100 ft. Depth of percolation tank 12ft length side slope-1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक की योजना :–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| योजना अन्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring, Submersible pump 1.5 hp, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। जिससे विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**कृषक / संस्था का नाम**

**चयन**

(i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लघु / सीमान्त कृषक / महिला कृषकों / इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए मान्य नहीं होगी।

(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**जिसका सारांश निम्नवत् है :–**

| क्र0 | विधान सभा क्षेत्र का नाम | क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड का नाम | वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत होने वाली योजना की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | परकोलेशन टैंक | डीप बोरिंग |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 01. | लोहरदगा विधान सभा | किस्को, कुडू, लोहरदगा, कैरो, भण्डरा, पेशरार | 40 | 04 |
| 02. | विशुनपुर विधान सभा | भण्डरा, सेन्हा, पेशरार | 20 | 03 |
| 03. | उपायुक्त महोदय | किस्को, कुडू, लोहरदगा, कैरो, भण्डरा, पेशरार, सेन्हा | 18 | 03 |
| | | कुल योग :– | 78 | 10 |

1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा, के द्वारा सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट WWW.jharkhand.gov.in/agri. अथवा WWW.sameti.org पर भी उपलब्ध है।
4. आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.08.2025 तक, कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।

- संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया / पंचायत सचिव द्वारा अभिप्रमाणित।
- प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0 अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत)।
- राजस्व ग्राम का नक्शा।
- आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल नं0 अंकित होना आवश्यक है।
- स्थल का लाभुक के साथ GPS फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302।
फोन नं0 – 8587973780

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.359925 Lohardaga(25-26):D

## बिरसा कॉलेज की गर्ल्स कैडेट्स ने एटीसी कैंप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज, खूंटी की गर्ल्स कैडेट्स ने गत सप्ताह हुए एटीसी कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्पर्धाओं में पुरकार प्राप्त किए। रस्साकसी एवं गार्ड ऑफ ऑनर में बिरसा कॉलेज की गर्ल्स कैडेट्स ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्री झारखंड गर्ल्स बटालियन के अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के कॉलेज तथा रांची के विभिन्न विद्यालयों से प्रतिस्पर्धा करते हुए गर्ल्स कैडेट्स ने अपने पिछले प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए इस बार भी अपनी छाप छोड़ी। परेड में भी गर्ल्स कैडेट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बिरसा कॉलेज, खूंटी के प्रो इनचार्ज डॉ सीके भगत ने गर्ल्स कैडेट्स के शानदार जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर कैडेट्स के उत्साहवर्धन के लिए कॉलेज के शिक्षक प्रो जया भारती कुजूर, प्रो अभिषेक श्रीवास्तव, प्रो प्रतीक लाल, प्रो निहाल टोप्पो, प्रो सुशीला कुजूर, प्रो इंदिरा कोंगाड़ी, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उप सचिव ने किया खूंटी का दौरा, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नयी दिल्ली के उप सचिव (पीजी एंड एजी) अंबुज बाजपेयी, अवर सचिव (जेनरल) सरोज कुजूर, कंसल्टेंट डॉ वजीम इकबाल ने बुधवार को खूंटी जिले का दौरा किया। खूंटी आगमन पर उपायुक्त आर रॉनिटा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उप सचिव समेत अन्य का स्वागत किया। दौरे में उप सचिव अंबुज बाजपेयी ने समाहरणालय स्थित सभागार में आपदा प्रबंधन से जुड़े जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम प्रेजेंटेशन के माध्यम से खूंटी जिले की भौगोलिक



जानकारी, कुल पंचायतों की संख्या, जनसंख्या, नदियां, पर्यटन क्षेत्र, आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्य, राहत एवं बचाव कार्य, मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गयी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से आए पदाधिकारियों एवं कंसल्टेंट द्वारा आपदा प्रबंधन की तैयारियों, जिला स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उप सचिव ने कहा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर वह विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं, जिससे राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों को समझकर इसे और बेहतर और प्रभावशाली बनाया जा सके। उप सचिव ने कई आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए, जिससे जिले में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

इस दौरान स्कूली बच्चों समेत स्थानीय लोगों को जागरूक करने को लेकर भी आवश्यक सुझाव दिये गये। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित सभी पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन




बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची जिला छठी योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची के नामचीन स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, बुंडू की छात्रा काव्या ने अपनी कड़ी मेहनत और योग कौशल की बदौलत आर्टिस्टिक सिंगल में रजत पदक प्राप्त करने में सफलता पायी और राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस सफलता के लिए स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने काव्या को बधाई देते हुए विद्यालय के योग गुरु बबलू महतो के मार्गदर्शन की सराहना की। स्कूल के सभी शिक्षकों ने काव्या को राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी है।

## डिग्री कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने से निजी कॉलेजों की मनमानी चरम पर

बुंडू (आजाद सिपाही)। सरकार के निर्देश के अनुसार सभी डिग्री कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद कर दी गयी है। इससे प्राइवेट कॉलेज की मनमानी चरम पर पहुंच गयी है। बुंडू के संत जेवियर उच्च विद्यालय प्लस टू में छात्रों से मासिक शुल्क के नाम पर मोटी रकम ली जा रही है, इससे गरीब छात्र अपनी पढ़ाई को पूरा करने में असमर्थ हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार संत जेवियर कॉलेज में साइंस और कॉमर्स में एडमिशन के नाम पर आठ से दस हजार रुपये लिया जा रहा है। वहीं आट्र्स के लिए 6 से 7 हजार रुपये ली जा रही है। पांच परगना के गरीब किसान परिवार के बच्चे इतनी मोटी रकम देने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कई अन्य कालेजो में मोटी फीस लिया जा रहा है। जबकि सरकारी प्लस टू स्कूलों में 300 से 350 रुपये में आसानी से नामांकन लिया जा रहा है।

## डीएवी आवासीय विद्यालय बुंडू में परीक्षा परिणाम घोषित, टॉप तीन छात्रों को किया गया सम्मानित



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुधवार को बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय, बुंडू में प्रथम यूनिट टेस्ट के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। परिणाम घोषणा के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रत्येक कक्षा के शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कक्षा 10 में जतिन उरांव और नैतिक उरांव ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जयेश उरांव ने द्वितीय और आशीष उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लगन और समर्पण के साथ किया गया प्रयास हमेशा सफलता की ओर ले जाता है। इस समारोह ने छात्रों में उत्साह का संचार किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी टॉपर्स को बधाई दी और अन्य छात्रों को भी अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## छऊ नृत्य पोशाक निर्माण कार्यशाला प्रदर्शनी का समापन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड के चोगा आदरडीह स्थित नटराज कला केंद्र चोगा में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के वित्तीय सांस्कृतिक सहायता अनुदान योजना के तहत नटराज कला केंद्र चोगा के द्वारा 15 दिवसीय छऊ नृत्य पोशाक निर्माण कार्यशाला का समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उप प्रमुख दीपक कुमार साव, इंटर कॉलेज तिरूलडीह के अध्यक्ष उमाकांत महतो, ठाकुर दास महतो, कमलाकांत महतो अंतरराष्ट्रीय कलाकार सह नटराज कला केंद्र के सचिव प्रभात कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि छऊ नृत्य से हमे राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय पहचान मिला है। इसकी विकास के लिए हमें हर संभव पहल करने की जरूरत है। वहीं प्रभात कुमार महतो ने प्रशिक्षण सह प्रदर्शनी के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में जगदीश चंद्र महतो, दशरथ पुराण एवं जलधर कुमार ने कुल 15 प्रशिक्षणार्थियों को छऊ नृत्य पोशाक जैसे हाथ का फूल, कमरबंद, धोती बनाना, छाती तथा पीठ में पहनने का पोशाक आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुलाब सिंह मुंडा एवं साथी द्वारा पाइका नृत्य, अंबारानी महतो द्वारा कुरमाली झुमर नृत्य एवं नटराज कला केंद्र चोगा द्वारा मानभूम छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## सीसीएल मजदूरों के क्वार्टरों में नहीं हो रहा मरम्मत कार्य, चारों ओर लगा गंदगी का अंबार : रतिया गंझू

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू ने सीसीएल एनके प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि एनके एरिया में एनुअल मेंटेनेंस का कार्य केवल कागजों पर ही चल रहा है। मजदूरों के क्वार्टर जर्जर हालत में हैं और कॉलोनी के आस-पास झाड़ी तथा हर तरफ गंदगी फैली हुई है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन अपनी मर्जी से निरीक्षण कर खानापूर्ति कर लेता है, लेकिन जिन कॉलोनियों की स्थिति सबसे खराब है, वहां अधिकारी झांकने तक नहीं जाते। हालात इतने बदतर हैं कि कॉलोनी के आसपास कचरे का ढेर जमा है। चारों तरफ झाड़ियां और घास निकल गयी हैं, जिससे मजदूर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। रतिया गंझू ने



बताया कि यूनियन की ओर से कई बार प्रबंधन को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि खदान खोलने से पहले प्रबंधन रैयतों से बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन उन्हें निभाता नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार भी नजदीक हैं, लेकिन मजदूरों को गंदगी और टूटे-फूटे क्वार्टरों में ही रहना पड़ रहा है। इस लापरवाही के खिलाफ यूनियन जल्द ही बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनायेगी।

## फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन




**प्रतिभागियों को लाइव डेमो, प्रैक्टिकल सेशन और अनुभव साझा करने का अवसर भी मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर बुधवार को निकॉन वर्कशॉप द्वारा एक दिवसीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन खूंटी के रॉयल सिंह पैलेस परिसर में किया गया। कार्यक्रम में खूंटी जिले के प्रमुख फोटोग्राफर्स एवं वीडियोग्राफर्स शामिल हुए और आधुनिक तकनीक एवं क्रिएटिव आइडियाज पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ फोटोग्राफर श्याम किशोर भगत (बाबू दा), वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रदीप रॉय (दादा) तथा व्यवसायी भोला जायसवाल उपस्थित थे। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायक संबोधन ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया। वर्कशॉप के दौरान निकॉन के विशेषज्ञों ने आधुनिक डढीउसएलआर, लेंस तकनीक, वीडियोग्राफी की नयी विधियों तथा एडिटिंग स्टाइल्स पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को लाइव डेमो, प्रैक्टिकल सेशन और अनुभव साझा करने का अवसर भी मिला। विश्व फोटोग्राफी दिवस पर केक काटा गया और फोटोग्राफी को एक कला एवं पेशा दोनों रूप में और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लेंस लाइट स्टूडियो के प्रतिनिधि राहुल कुमार, गुलाब स्टूडियो खूंटी के प्रतिनिधि गुलाब महतो, सुमित, आशुतोष, संजय, मदन, किशोर, अजीत, राज आदि फोटोग्राफर उपस्थित थे।

# याद किये गये भारतरत्न राजीव गांधी, कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की जयंती बुधवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने के संकल्प लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता भारतरत्न स्व राजीव गांधी अगर नहीं होते, तो शायद देश इतनी प्रगति नहीं करता। देश की तरक्की में राजीव गांधी की बहुत अहम भूमिका रही है। राजीव गांधी ने ही देश को मुट्ठी में करने की पहल और ताकत देश वासियों को दी। उनके बताये रास्ते पर चलकर देश की प्रगति में हमें योगदान देने का संकल्प लेना है। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू,, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुद्दीन खां, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार साहू, जेम्स तोपनो, पौल भेंगरा, जुनैद अंसारी ,बंदू गझूं, सुशील पूर्ति, शांता खाखा, हेलेन तिडू, सुषमा भेंगरा, रितुराज झा, मगरीता खेस, अनीता नाग, सुसारी पूर्ति, सुंदरमनी हंस, अलेक्शियूस भेंगरा, आदित्य गझूं आदि उपस्थित थे।

## राजीव गांधी की जयंती पर मरीजों के बीच फल वितरित

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार क्षेत्र में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में जयंती मनायी गयी।इस अवसर पर बचरा रीजनल हॉस्पिटल में मरीजों के बीच फल एवं मिठाई का वितरण किया गया एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के बीच में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का पूरे देश की एक लाख बेटियों के लिए जो संकल्प लिया गया है। एक लाख बेटियों को कपड़ा मुक्त बनाने नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शनी उड़ान सेनेटरी नैपकिन वितरण किया गया। इस मौके पर रिजिनल हॉस्पिटल सीएमओ निरोज खेस, डॉक्टर संजीव कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस



कमेटी की सचिव पिंकी सिंह, युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज, समाजसेवी किशन कुमार सिंह, पूनम देवी, सुनीता कुमारी, कौशल्या देवी सहित अस्पताल की स्टाफ और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

## खूंटी जिला कांग्रेस ने मनायी राजीव गांधी की जयंती

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिला कांग्रेस के एक अन्य गुट द्वारा भी बुंधवार को डाक बंगला परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी की जयंती मनायी गयी। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुंष्पांजलि अर्पित कर उने बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर जिला महासचिव और मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष सयूम अंसारी ने



कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे, जिन्होंने तकनीक, शिक्षा और लोकतांत्रिक सशक्तीकरण के माध्यम से देश को नयी दिशा दी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुशील संगा प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी नरेश तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष मुरहू पौलुस पूर्ति, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया, पवन, जीतवाहन महतो, बिनसाय मुंडा आदि मौजूद थे।

## गार्जियन और सच्चे मार्गदर्शक थे रामदास दा : मंगल कालिंदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने घोड़ाबांधा स्थित आवास में झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री एवं आंदोलनकारी रामदास सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके पुत्र सोमेश सोरेन से मिलकर सांत्वना व्यक्त की। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा हमने अपना अभिभावक, गार्जियन और सच्चे मार्गदर्शक को खो दिया है। उन्होंने आगे कहा रामदास दादा ने जनसेवा के साथ-साथ कामगारों के अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष किया। उनके संघर्ष, कर्तव्यनिष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता ने उन्हें समाज में एक अलग पहचान दिलायी।

# बुंडू पंचायत में सड़क निर्माण को लेकर विधायक रोशनलाल चौधरी ने प्रधान सचिव को लिखा पत्र

**बुंडु के सुखलकठवा से दुधीगढ़ा तक सड़क निर्माण कराने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के सुखलकठवा से दूधीगढ़ा तक सड़क निर्माण को लेकर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी ने प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग रांची झारखंड को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अविलंब सड़क निर्माण करने की मांग की है। ज्ञात हो कि बीते 21 जुन 2025 को हजारीबाग परिसदन में लोक लेखा समिति के बैठक मे विधायक रौशनलाल चौधरी ने उक्त सड़क की समस्या को बैठक में



विधायक रोशनलाल चौधरी।

प्रमुखता से रखा था। बैठक में आपति कंडिका 3.4.3 विलोपी कर प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए शीघ्र अपूर्ण कार्य को निर्माण करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। अपूर्ण कार्य होने के कारण वर्तमान यह सड़क काफी जर्जर हो चुका है। जिसके कारण आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक रोशन लाल चौधरी ने पत्र के माध्यम से प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग रांची को उपरोक्त तथ्यों एवं लोक लेखा समिति के निर्देश के आलोक में जर्जर ग्रामीण पथ सुखलकठवा से दुधीगढा अपूर्ण जर्जर सड़क को यथा शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु समुचित करवाई की मांग की है। इधर विधायक रोशनलाल चौधरी के इस पहल का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बेंती में हुई विस्थापित प्रभावित संवेदक संघ की बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत भवन में बुधवार को विस्थापित प्रभावित संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कुलदीप राम और संचालन लक्ष्मण कुमार मंडल ने किया।बैठक में संवेदक की कई ज्वलंत समस्याओ पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक मे कैपिटल एंव सीएसआर मद से मिलने वाले कार्यो पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय संवेदकों को कार्य देने एवं दिलाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में संघ के अध्यक्ष नागेश्वर गंझू, बिजय महतो, अर्जुन महतो, हदीस अली, सुरेश कुमार महतो, राजेंद्र गुप्ता, महेश साव, सलीम जावेद, राजेश महतो, गणेश भुईया, बालेश्वर उरांव, मोहन कुमार महतो, राजीव रंजन, गोल्डेन आलम, शहनवाज आलम, बिजली महतो, बसंत गुप्ता, संजय कुमार केशरी, जलेश्वर यादव, शिवशंकर साव, रामलाल महतो, रविशंकर जायसवाल, मुकेंद्र पासवान, सुधीर महतो, जयराम भुईयां, कृष्णा यादव, शिव कुमार पासवान, रामचरण महतो, संतोष यादव,नागो महतो, तेजनाथ महतो, सुरेंद्र करमाली, नरेश महतो सहित कई लोग मौजूद थे

## नवा सोसो में जमीन दलाल की पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के नवा सोसो में दो जमीन दलाल ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गये। ग्रामीणों ने उन्हें रस्सी से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद दोनों जमीन दलालों को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। उनकी पहचान धर्मेंद्र व आजाद के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि बुधवार को कुछ जमीन दलाल कांके डैम स्थित रातु थाना क्षेत्र के नवा सोसो में सरकारी जमीन को कब्जा करने पहुंचे थे। जमीन कब्जा करने की भनक ग्रामीणों को हुई। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान दो जमीन दलाल ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गये। ग्रामीणों ने दोनों को अपने कब्जे में कर उसने रस्सी से बांध दिया। इसके उपरांत जमकर पिटाई कर दी। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस धर्मेंद्र व आजाद को थाना लाकर पूछताछ कर रही है। मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की मौत



बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पुरना पानी बाजार मोड़ के समीप बुधवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे बोलेरो व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार मांडर सकरा गांव निवासी 27 वर्षीय बंधना उरांव पिता मंगरु उरांव की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बंधना उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार बंधना उरांव ट्रैक्टर चालक है। अपने ईंटाचिल्द्री गांव निवासी संगी जगरनाथ मुंडा के घर आया था। साथ ही वहां से निकलकर स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान गुमला की ओर से आ रही बोलेरो एवं स्कूटी के बीच सीधी टक्कर हो गयी। इससे यह हादसा हुआ। इधरजानकारी मिलने पर बेड़ो थाना पुलिस के एसआइ अनिल टोप्पो बेड़ो सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं एसआइ अनिल टोप्पो ने बताया कि गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा।

## बाजपुर की टीम बनी फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन



रातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिगरा पंचायत में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुना हिरा नागपुर की ओर से आयोजित पांच दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार की शाम समाप्त हो गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पेनाल्टी के जरिये अक्षय क्लब तिगरा को 1-0 से परास्त कर सोफियायाना रायटोली बाजपुर की टीम चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। पुरस्कार वितरण समारोह में हटिया विधायक नवीन जयसवाल बतौर मुख्य अतिथि व जिप अध्यक्ष निर्मला भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यकता बतायी। प्रतियोगिता में कुल 32 टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार के रूप में सोफियायाना रायटोली बाजपुर की टीम को 41 हजार नकद व एक बड़ा खस्सी, उप विजेता अक्षय क्लब तिगरा के टीम को 25 हजार व एक बड़ा खस्सी देकर पुरस्कृत किया।

## श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति कांके चौक के अध्यक्ष बने पंकज वर्मा, मुख्य संरक्षक पंकज सिंह

कांके (आजाद सिपाही)। श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति कांके चौक की बैठक संस्थापक मदन कुमार महतो की अध्यक्षता हुई। बैठक में इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम और हर्ष के साथ मनाने हेतु कमेटी का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा बनाये गये। मुख्य संरक्षक पंकज सिंह, विधायक सुरेश कुमार बैठा, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद साहू, महेश कुमार मनीष, मुख्य संयोजक गौरी शंकर महतो, अशोक कुमार महतो, संयोजक आलोक बैठा, अर्जुन मुंडा, राजू दुबे, संरक्षक गणेश महतो, सुखलाल चौधरी, उमिल महतो, रघुनाथ मुंडा, अशोक गोप, हरिनाथ साहू, चंदन बैठा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार दास, सीताराम मुंडा, पंकज मेहता, राधा नायक, फागु मुंडा, सचिव सूरज कुमार महतो, कोषाध्यक्ष शालिग्राम महतो, महासचिव नसीब लाल महतो, विवेक साहू, जलेश्वर महतो, दिलीप बैठा, रंजन कुमार राम, अविनाश बड़ाइक, ललीद महतो, प्रचार मंत्री शिवचरण महली, जोगिंदर महतो, पूजा प्रभारी राजकुमार महतो राजेंद्र पांडेय, स्वागत अध्यक्ष संजय महतो, रमेश महतो, संदीप महतो, पंडाल प्रभारी तरुण वर्मा, प्रसाद एवं खाना प्रभारी सोना ठाकुर, सफाई मंत्री रतन महतो, बाजा एवं लाइट प्रभारी मोबिन अंसारी बनाये गये। मुख्य रूप से कार्यकारिणी सदस्य मुकेश मुंडा दिनेश महतो संदीप महतो अरविंद राम धनुषधारी प्रसाद अशोक मिश्रा राहुल यादव रोहित बनाये गये हैं।

## अंजुमन इस्लाह ए मुआसरा कमिटी की बैठक, पदधारियों को दिलायी गयी शपथ



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अंजुमन इस्लाह ए मुआसरा कमिटी अनगड़ा की एक बैठक बुधवार को महेशपुर में परवेज खान के आवास पर हुई। अध्यक्षता कमिटी के पूर्व सदर अनवर खान ने किया। बैठक में पुनर्गठित कमिटी के नव निर्वाचित सदर परवेज खान सहित अन्य पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जमीयतुल मोमिनिन 84 पंचायत के सदर मजीद अंसारी, विशिष्ट अतिथि सचिव नूर आलम, मो चांद, शमीम अंसारी, तबारक अंसारी, अजहर अंसारी, अताउल्ला अंसारी, अनीसुर रहमान आदि उपस्थित हुए। इससे पहले हाफिज फैयाज खान द्वारा कुरान ए पाक की तिलावत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संचालन पूर्व सचिव अब्दुल इमाम अंसारी ने किया। मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष परवेज खान, उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी, इमरान अंसारी, अब्बास अंसारी, सगीर अंसारी, रज्जाक अंसारी, आलम अंसारी, सोहराब खान, सचिव साकिर अंसारी, संयुक्त सचिव एजाज अंसारी, कोषाध्यक्ष जमील अख्तर, सलाहकार डॉ गुलजार अहमद, सनाउल्लाह अंसारी, मीडिया प्रभारी मिन्हाज आलम, मुख्य संरक्षक मुस्तफा अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, अनवर खान, सरूफ खान, रब्बानी राज, सिदिक अंसारी, मुस्लिम अंसारी, फारूक खान, युनुस अंसारी, नसीम अहमद, बबलू मुस्ताक, मुमताज खान, मुस्ताक खान, संरक्षक जाकिर खान, हाशिम अंसारी, रुस्तम खान, शमीम खान, साबिर अंसारी, सलीम आदि मौजूद थे।

### बीआइटी मेसरा में कृषि आधारित उद्यमिता विषय पर सेमिनार आयोजित

# कृषि युवाओं के लिए स्वरोजगार उद्योग का नया मार्ग : पंकज रॉय

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** बीआइटी मेसरा के बायो इंजीनियरिंग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा बुधवार को इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आइआइसी), बीआईटी मेसरा के सहयोग और इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल एंड एकेडमिक रिसर्च (आइआइएआर), रांची की सहभागिता से एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय ह्लएग्रीप्रेन्योर एवं स्टार्टअप, अकैडेमिया इंडस्ट्री इंटरैक्शनह्व था। कृषि आधारित उद्यमिता (एग्रीप्रेन्योरशिप) विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता पंकज रॉय ने कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचारों के साथ कृषि अब केवल आजीविका का साधन नहीं रही, बल्कि यह युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्योग का नया मार्ग बन चुकी है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों का लाभ उठाकर किसान और छात्र कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और एग्री-बिजनेस की दिशा में नये अवसर तलाश सकते हैं। पंकज रॉय ने बताया कि आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में कृषि-उद्यमिता की अहम भूमिका है और यदि युवा सही दिशा में कदम बढ़ाया जाए तो कृषि क्षेत्र में भी करोड़ों की संभावनाएं मौजूद हैं। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच संवाद स्थापित करना और कृषि आधारित स्टार्टअप्स एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, स्टार्टअप इकोसिस्टम, अकादमिक एवं औद्योगिक सहयोग की अहम भूमिका पर विचार साझा किए। इस अवसर पर आईआईएआर की निदेशक डॉ अर्चि महतो, सह संस्थापक पंकज रॉय, कार्यकारी प्रशासनिक अधिकारी सरोजिनी टोप्पो, बीआईटी मेसरा के बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ कुणाल, संस्थान के संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं, शोधार्थी तथा कई उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित थे। सेमिनार ने विद्यार्थियों के बीच कृषि आधारित उद्यमिता के प्रति नई प्रेरणा जगायी और अकादमिक जगत तथा उद्योग क्षेत्र के बीच मजबूत संबंध बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

## पिठोरिया रि-केवाइसी एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड ग्रामीण बैंक पिठोरिया के सौजन्य से पिठोरिया पंचायत भवन में रि-केवाईसी एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार कमलेश नारायण तिवारी ने ग्राहकों को रि-केवाईसी की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समय पर केवाईसी अद्यतन करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही वित्तीय साक्षरता के तहत बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, विभिन्न सरकारी योजनाओं, बीमा और बचत की महत्ता को ग्रामीणों को समझाया गया। वहीं शाखा प्रबंधक विद्यावती कुमारी ने ग्राहकों को यह भी बताया गया कि समय-समय पर आधार, पैन एवं अन्य दस्तावेज अपडेट करने से बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती। शिविर में रि-केवाईसी 107, पीएमएसबीवाई 51, पीएमजेजेबीवाई 38, एपीवाई 17 और सेविंग अकाउंट 21 खुला। शिविर में बैंक बीसी लक्ष्मी कुमारी, बैंक सखी कंचन देवी, पंचस श्रवण गोप और मुखिया मुन्नी देवी उपस्थित थीं।

## बीडीओ राहुल उरांव ने किया हरिहरपुर जामटोली पंचायत का निरीक्षण, आवश्यक दिशा निर्देश दिया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बीडीओ राहुल उरांव ने बुधवार को प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बागवानी सिंचाई, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना समेत अन्य कई योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बागवानी की साफ सफाई एवं रखरखाव भी बागवानी का ही हिस्सा है। इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने मनरेगा के विभिन्न योजनाओं के संबंध में कई अहम निर्देश दिया। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास के निरीक्षण के संबंध में उन्होंने कार्यों में तेजी लाने की बात कही। आवास योजना के कई लाभुकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आपके लिए यह एक महत्वपूर्ण एसेट है। जो आप और आपके परिवार का वर्षों तक साथ निभाएगा। इसीलिए जल्द और बेहतर आवास बनाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने मौके पर पंचायत के कर्मियों को भी योजनाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, पंचायत सचिव झुनम बाला व रोजगार सेवक बजरंग प्रसाद समेत दर्जनों लाभुक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकास की रीढ़ हैं : बीडीओ राहुल उरांव

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को मनरेगा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखी कार्यशाला का आयोजन बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर बीडीओ ने प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकास की रीढ़ है। मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम आम बागबानी योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। बागबानी में इंटरक्रॉपिंग किसाने की खुशहाली का एक बेहतरीन जरिया है। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की ने एनएमएमएस के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही सभी योजनाओं में यह प्रणाली लागू हो जाएगी। वहीं सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिय अभियंता दुर्गा टाना भगत, टीआर आयी कि नेहा रूबा तिर्की और ज्योति खलखो ने कार्यशाला में अपनी बातों से उपस्थित महिला, मेठ, प्रखंड कर्मी सहित अन्य लोगों को जानकारी दीं। मौके पर मसरूर आलम, रुखसाना खातून, पूनम देवी, नीली बड़ा, शबनम परवीन आदि उपस्थित थे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़ित परिवार को दिलायेगा सहायता

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बुधवार को ओरमांझी की आशा देवी, जिनके पति उमेश कुशवाहा की मृत्यु कुछ दिन पूर्व बिजली के करंट लगने से हुई थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उन्हें विधिक अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई।टीम ने बताया कि पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर पर मुआवजा, विधवा पेंशन तथा स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत मृतक के 6 वर्षीय पुत्र को शैक्षिक एवं जीवन-यापन सहायता दी जायेगी। इसके लिए आवश्यक आवेदन पत्र मौके पर ही भरवाये गये और जरूरी कागजात की सूची परिजनों को उपलब्ध कराई गई, ताकि आगे किसी प्रकार की परेशानी न हो। शशि मेहता ने बताया कि अचानक हुए इस हादसे ने परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक संकट में डाल दिया है। इस कार्य में ओरमांझी के मुखिया दीपक बड़ाइक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रानी ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। दोनों ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## जेसोवा बेड़ो में खोलेगा नयी तकनीक की लाइब्रेरी, मरम्मत का कार्य शुरू

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शिक्षा को समाज का विकास का सबसे बड़ी कड़ी माना जाता है। शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। वहीं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काफी जोर दिया जा रहा है। बेड़ो में शिक्षा के क्षेत्र में जेसोवा द्वारा बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इस क्रम में प्रखंड मुख्यालय बेड़ो के पुराने प्रखंड कार्यालय में नये तकनीक के लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। इस लाइब्रेरी को सुविधाओं से लैस किया जाएगा। मुख्य धारा से भटकने वाले युवाओं की संख्या में कमी आएगी। प्रखंडों में शिक्षा का एक अलग माहौल तैयार होगा। गरीब और तंगहाल में जी रहे वैसे छात्र जो किताबें नहीं खरीद पाते हैं उन्हें पुस्कालय में मानक पुस्तकें आसानी से मिल पाएगा। इससे छात्र अपनी पढ़ाई बेहतर तरीके से कर पाएंगे। बेड़ो के बीडीओ राहुल उरांव का कहना है कि शिक्षा है तो सबकुछ है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रखंड मुख्यालय के पुराने प्रखंड कार्यालय में जेसोवा के द्वारा लाइब्रेरी खोला जा रहा है इसकी तैयारी की जा रही है।

### एक्यूप्रेशर शाखा टाटीसिलवे में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन

# एक्यूप्रेशर पारंपरिक चिकित्सा पद्धति है, जो समाज के लिए लाभदायक है: डॉ महेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे में बुधवार को भारत श्री अवार्ड से सम्मानित योद्धाओं के लिए अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एक्यूप्रेशर परिषद के राष्ट्रीय निदेशक डॉ मधुसूदन पांडे व मंच संचालन सुरेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा के पूर्व सचिव सह न्यायाधीश डॉ महेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे।

इस दौरान एक्यूप्रेशर क्षेत्र में डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ मधुसूदन पांडे, सरोज कुमार मिश्रा, टीटी बरनवाल, पुनम बरनवाल, डॉ प्रभावती गो, अनुज कुमार सिंह, डॉ शिवकुमार बर्मन, डॉ दिनेश सिंह, डॉ बलराम महतो, डॉ पूजा कुमारी, डॉ ललिता कुमारी, डॉ महेश प्रजापति, डॉ लखी नारायण मुंडा एवं डॉ संदीप कुमार को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र प्रसाद ने कहा कि एक्यूप्रेशर समाज के लिए लाभदायक है। यह एक पारंपरिक चिकित्सा पद्धति है, जो शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर दबाव डालकर दर्द, तनाव, थकान और अन्य लक्षणों को कम करने में मदद करती है। कहा कि एक्यूप्रेशर सुरक्षित और गैर-विषाक्त है और इसे घर पर भी आजमाया जा सकता है। राष्ट्रीय निदेशक मधुसूदन पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है जो चीन में उत्पन्न हुआ था। इसमे शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर दबाव डालने से शरीर में उर्जा का प्रवाह बेहतर होता है। जिससे दर्द और अन्य लक्षण कम हो सकेत है। कहा कि वह दिन अब दूर नही जब प्रत्येक घरों में एक-एक एक्यूप्रेशर चिकित्सक होंगे। अंग्रेजी दवाओं का दुष्परिणाम जारी है। इससे मुकाबला सिर्फ एक्यूप्रेशर ही कर सकता है। झारखंड में एक एक्यूप्रेशर कॉलेज खोलने का रास्ता साफ-साफ नजर आ रहा है। क्योंकि झारखंड प्राकृतिक का शोध में बसा हुआ है। धन्यवाद ज्ञापन लखन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अखिल पाठक, राकेश सिंह, राजेंद्र महतो, रामबालक सिंह, नरेश महतो, राजेश मिश्रा, विजय लिंडा, पुनीत गोयल आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 5 सितंबर को आयोजित होने वाली इंद्र पूजा को लेकर समिति की हुई बैठक



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। कर्म महोत्सव के बाद 5 सितंबर को होने वाले इंद्र पूजा को लेकर पूजा समिति गांगुटोली ओरमांझी की बैठक बुधवार को समिति के मुख्य संरक्षण जय गोविंद उर्फ लाल साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इंद्र पूजा व मेला का आयोजन धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया। मेला में पूजा के साथ नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष शिवनारायण साहू, सचिव नोना पाहन, कोषाध्यक्ष अर्जुन साहू, उपाध्यक्ष राजू मुंडा, ग्राम प्रधान दीनदयाल, सुनील नायक, प्रकाश नायक, दशरथ मुंडा, मुकेश मुंडा, कृष्णा पाहन, रामकुमार मुंडा, धनेश्वर साहू, रमेश मुंडा, विक्की मुंडा, बबलू मुंडा, विमल मुंडा, रामजीत साहू, नेपाल मुंडा, सुखी साहू, दासो मुंडा, सुखनाथ करमाली, मनोज मुंडा, हरिश्चंद्र साहू उपस्थित थे।

### मारुति मंगल परिवार ने सदस्यता अभियान को लेकर नवागढ़ पंचायत में की बैठक



सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। मारुती मंगल परिवार के सदस्यों ने अपने मारुती मंगल परिवार में सदस्यता ग्रहण करने एवं 22 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर नवागढ़ पंचायत में मुखिया भुवनेश्वर बेदिया के उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की। इसमें मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो अपने सम्बोधन में मारुती मंगल परिवार के कार्यों की जानकारी देते हुए लोगों से इस परिवार में सामिल होने का आग्रह किया। मौके पर रांची जिला प्रभारी संजय कुमार, खूंटी जिला प्रभारी पवन कुमार, रामगढ़ जिला प्रभारी बिरसा बेदिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य ओमकुमर संगवार उपस्थित थे।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद का किया गया वितरण



रातू (आजाद सिपाही)। रातु फुटकलटोली में झामुमो रांची जिला समिति के संयोजक सदस्य धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में बुधवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद दर्जनो विकलांगो के बीच वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के बाद गुरुजी के लिए लोगो ने दुआ मांगी व उनके बताए हुये मार्ग में चलने की शपथ ली। कार्यक्रम में संयोजक मंडली सदस्य असलम अंसारी , सैयद फिरोज, मुजाहिद अंसारी, सुनील तिर्की, कार्लोस तिर्की आदि उपस्थित थे।

### मिल्क यूनियन का गठन को लेकर बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। होटल चाणक्य बीएनआर में बुधवार को नये रीजनल मिल्क यूनियन का गठन को लेकर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अबू बकर सिद्दीकी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सभी विभाग के प्रमुख, झारखंड मिल्क फेडरेशन, गव्य विकास, सहकारिता विभाग एवं दूध उत्पादक सहयोग समितियां के अध्यक्ष के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया। मिल्क यूनियन कैसे बेहतर काम करेगी और इसका गठन का प्रारूप क्या होगा इस पर चिंतन मंथन किया गया। इसमें चान्हो से सुजीत शाही, भानु महतो भी शामिल हुए।

### चान्हो पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार


चान्हो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एक नाबालिग के साथ छेड़-छाड़ के आरोप मे पोस्को के तहत मामला दर्ज कर लुंडरी निवासी समीर अंसारी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामला 14 अगस्त का है। पीड़िता के परिजनों के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद प्राथमिक अभ्युक्त फरार था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### ऑटो चालक लापता, लगायी ढूढने की गुहार



रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेलांगी की रहने वाली सुमन देवी ने अपने पति शेरू मिर्धा को ढूढने की गुहार रातु पुलिस से की है। सुमन देवी ने रातु थाने में आवेदन देकर बताया कि उसके पति शेरू मिर्धा शो रूम से एक नया ऑटो खरीद कर आये थे। ऑटो में नंबर प्लेट भी नहीं लगा है। शनिवार की सुबह व मांडर जाने को बोलकर घर से निकले थे, परंतु रात तक घर नही लौटे। पत्नी सुमन देवी ने जब पति को फोन किया, तो रास्ते में होने की बात बताया था। दुबारा फोन करने पर फोन कोई दूसरा व्यक्ति रिसीव कर रहा है, परंतु कुछ बता नहीं रहा है। पत्नी सुमन ने बताया कि रविवार के बाद के बाद फोन स्विच ऑफ आ रहा। सुमन ने रातू थाने में आवेदन देकर ढूढने की गुहार लगायी है।

### प्रदेश मीडिया प्रभारी तारिक इमरान का टाटीसिलवे मंडल में भव्य स्वागत



नामकुम (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी तारिक इमरान का बुधवार को टाटीसिलवे आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के आवास पर कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान तारिक इमरान ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि राज्य में भाजपा संगठन को मजबूत और धारदार बनाना है। इसलिए वे लगातार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ कार्यकताओं से भी बात कर रहे है। वहीं, कार्यकताओं ने मीडिया प्रभारी तारिक इमरान के साथ आए महानगर की नेत्री ममता एवं मधु का भी स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, गिरधर मिश्रा, राजेंद्र महतो, नूतन पाहन, हलधर मिश्रा, मुकेश महतो आदि शामिल थे।

## सनातन धर्मावलंबियों की आम बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर, पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी की अस्वस्थता के कारण स्वतः संज्ञान लेते हुए समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल के द्वारा 21 अगस्त दिन गुरुवार को संध्या 7 बजे से मंदिर प्रांगण में नगर के समस्त सनातन धर्मावलंबियों की आम बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाये जाने को लेकर पूजा समिति के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। श्री गोयल ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से ससमय बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## जंगली सुअरों ने फसल की बर्बाद, सांसद प्रतिनिधि ने डीएफओ से मिलकर उचित मुआवजे की रखी मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया प्रखंड के ग्राम आर्या पंचायत आर्य निवासी एलीसबा डुंगडुंग के चार एकड़ जमीन में लगी फसल को जंगली सुअरों ने नष्ट कर दिया' एलिसबा डुंगडुंग अपने पुत्र अवधेश डुंगडुंग के साथ खेती कर अपना आजीविका चलती है। कुछ महीनों पहले जंगली सुअरों ने आलू, टमाटर, इत्यादि सब्जीयों को नष्ट कर दिया' इस बात की जानकारी इलीसबा डुंगडुंग ने सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा को दी। श्री तिग्गा व दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे एवं रूपेश कुमार सनी ने डीएफओ अहमद बेलाल अनवर से मुलाकात की। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने अधीनस्थ कर्मचारी को आदेश दिया कि शीघ्र उचित मुवावजे की भुगतान की प्रक्रिया करें श्री तिग्गा ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से विभागीय कार्यों की जानकारी ली और वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यों की सराहना की।

## बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव ने किया नयी कमेटी के चयन का आग्रह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार चीनी ने बड़ा दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष निर्मल गोयल को पत्र लिख कर नयी कमेटी के चुनाव का आग्रह किया है। लिखे गये पत्र में रमेश कुमार ने कहा हैं कि बीते 18 अगस्त को बड़ा दुर्गा मंदिर निर्माण और 2025 कि पूजा के लिए नयी कमिटी का गठन होना था किन्तु कुछ कारणों से यह बैठक सम्पन्न नहीं हो सकी। रमेश कुमार ने आगे कहा कि इधर उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है' इन सब कई कारणों को देखते हुए वर्ष 2025 में दुर्गा पूजा कराने हेतु नयी कमिटी का गठन किया जाये साथ ही मशविरा दिया कि मंदिर निर्माण से संबंधित कोई भी बैठक या निर्णय दुर्गा पुजा के बाद करायी जाये।

## भारतीय नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति की बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 19 अगस्त को संध्या 7 :30 बजे श्री गोपाल मंदिर प्रांगण में भारतीय नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दुर्गा गुप्ता ने विगत वर्ष की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बबलू वर्मा, सचिव आदित्य गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को ध्वनि मतों से सत्र 2025 समिति के लिए चुना गया। दुर्गा पूजा के संरक्षक दामोदर कसेरा एवं दुर्गा गुप्ता ने सभी समिति के सदस्यों को बधाई दी और सत्र 2025 की दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने के लिए के लिए कई बिंदुओं से अवगत कराया। इस बैठक में दामोदर कसेरा, दुर्गा गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मनोज सहारा, हिमांशु केसरी, प्रदीप कसेरा, बल्लू गुप्ता, कैलाश गुप्ता, राजू अग्रवाल, विजय सोनी, दीपू खंडेलवाल, सौरभ गुप्ता, राज जायसवाल, अमन गुप्ता, राहुल राम, राजेश गुप्ता, शिशिर गुप्ता एवं अन्य के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घाघरा दुर्गा पूजा समिति की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा समिति आदर की बैठक मंगलवार कि देर शाम आयोजित की गयी। बैठक कि अध्यक्षता कुमार रवि ने की। बैठक में मुख्य रूप से कमेटी गठन पर चर्चा की गया। जहां पुरानी कमेटी को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। जिसमें अध्यक्ष बादल राम, सचिव पप्पू कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू सहित उपाध्यक्ष योगेंद्र महतो, सोमनाथ उरांव और सह कोषाध्यक्ष वासुदेव महतो के नाम शामिल हैं। अध्यक्ष बादल राम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस मां दुर्गा की आराधना पूरे धूमधाम से वह शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। इस आयोजन में तमाम पदाधिकारीयों व सदस्यों की सहभागिता की आशा है। इधर संरक्षक में गोपाल गोप, समंत साहू, अजय कुमार साहू, राजीव उरांव (पूर्व मुखिया), कुंवर वर्मा, विनोद राम, सुरेश गोप, सह सचिव राजेश वर्मा, सुमंत ठाकुर, हरिशंकर गोप, गौरी शंकर साहु साथ ही चंदा प्रभारी उदय महतो, बालो राम, दीपक ठाकुर सहित पूजा प्रभारी, रावण प्रभारी, मेला प्रभारी, विसर्जन प्रभारी, प्रसाद प्रभारी, प्रोग्राम प्रभारी व कार्यकारिणी सदस्यों के नाम शामिल हैं।

## बाइक की टक्कर से छात्र की मौत, चालक फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित रेडवा के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने रेडवा निवासी बैजू साहू के 6 वर्षीय पुत्र अमित कुमार को जोरदार टक्कर मार दिया। घटनास्थल पर ही छात्र की मौत हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोग बाइक सवार दो युवक को पकड़ लिए लेकिन दोनों युवक भीड़ के चंगुल से बाइक छोड़कर भागने में सफल रहे। लोगों ने उनका पीछा भी किया लेकिन वे दोनों फरार हो गए। घटना के बाद बुधवार की शाम 6 बजे छात्र को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। घटना के बाबत परिजनों ने बताया अमित घर के बाहर खेल रहा था तभी रांची की ओर से तेज रफ्तार से बाइक आया और छात्र को टक्कर मार दिया। बाइक के टक्कर से छात्र करीब 10 फीट दूर जाकर गिरा। घटना में बाइक सवार दो युवक भी गिरे। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया लेकिन दोनों बाइक छोड़कर फरार हो गए।

### बज्म ए रब्बानी और जिज्ञासा सीटी लेबल ट्रस्ट का संयुक्त स्वास्थ्य जांच शिविर

# शिविर में 40 लोगों ने करायी जांच




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बज्मे रब्बानी ट्रस्ट और नगर परिषद गुमला द्वारा संचालित जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन ने सोमवार को जिला मुख्यालय से सटे लूथरन स्कूल में नशा मुक्त, टीवी से बचाव और स्वास्थ्य शिविर जांच का आयोजन किया। जिसमें सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी यक्ष्मा के डॉ कृष्णकांत मिश्रा, डॉक्टर शारिब अहमद, एएनएम इग्नेशिया कुजूर, कुंती कुमारी शामिल थे।

**शिविर में लगभग 40 पुरुष-महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच :** बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के अध्यक्ष पप्पू रब्बानी ने बताया की शिविर में कुल 35-40 महिला व पुरुष का जांच किया गया। यह शिविर नगर परिषद क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में अलग अलग तारीख को छह दिनों तक आयोजित की जायेगी।

**दूसरा शिविर 25 अगस्त को :** दूसरा स्वास्थ्य जांच शिविर 25 अगस्त को खड़ियापाड़ा स्थित अटल क्लीनिक में आयोजित किया जायेगा। बरसात के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में डायबीटीज, ब्लड प्रेशर, बुखार, खांसी समेत सभी मरीजों की जाँच और दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका नूरा गीता एक्का,जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन अध्यक्ष मधु मेरिना लकड़ा, सचिव इशरत जहां, बिमला देवी,बज्मे रब्बानी ट्रस्ट सदर पप्पू रब्बानी,सैफ अली रब्बानी, एसटीएस सुधांशु भूषण मिश्रा, एनटीइपी मुकेश कुमार सिंह व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

## युवती से यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** बहला फुसलाकर झूठी सब्जबाग दिखाकर और शादी करने का झांसा देकर लगातार युवती का यौन शोषण के आरोपित गुमला निवासी मुकुंद नायक को पुलिस ने चैनपुर प्रखंड के टीनटांगर से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में युवती ने सुरसांग थाना में आरोपित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है की आरोपित मुकुंद नायक उसके साथ शादी का झांसा देकर कई बार यौन शोषण किया है। जब वो गर्भवती हो गई तो, उसका गर्भपात भी करा दिया। वर्तमान में वो शादी से मुकरने लगा तो, युवती ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## भ्रष्टाचार और अनदेखी के कारण लोगों के जमा पैसे की भुगतान नहीं हो रहा है : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बिशुनपुर के बैनर तले ब्लॉक के पास पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जनेश्वर भगत की अध्यक्षता में सैकड़ो ग्रामीणों की मौजूदगी में 'जल्द भुगतान की करो इंतजाम, नहीं तो होगा सरकार की चक्का जाम' खून पसीने के जमा पैसा नहीं छोड़ेंगे, इंकलाब जिंदाबाद, जल्द भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज करो, जैसे आक्रोषपूर्ण नारे के साथ सभा आयोजित की गयी। सभा के मुख्य वक्ता ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार और अनदेखी के कारण ही लोगों का मेहनत के जमा पैसे जमाकर्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। कंपनियां सत्ताधारी पार्टियों को चंदे में करोड़ों रुपए देती है यही कारण है कि सत्ताधारी पार्टी सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश वेलफेयर, विश्वामित्र, रोजवैली जैसी कंपनी पर करवाई नहीं हो रही है जिसका ताजा तरीन उदाहरण 2019 में संसद से बनी बड्र्स कानून का झारखंड में लागू नहीं होना है। एक्ट में कंपनियों पर कार्रवाई व भुगतान संबंधी बातें हैं। श्री सिंह ने जल्द भुगतान की मांग को लेकर झारखंड स्तर पर चल रही आंदोलन की तैयारी में विभिन्न कंपनियों में पैसे जमा करने वाले सभी से मुहिम में जुड़कर भुगतान के लिए हो रही बड़ी कोशिश को आगे बढ़ाने की अपील की है। सभा में आदित्य सिंह, चंदेश्वर भगत, महादेव राव, फुलदेव उरांव, बेंजामिन उरांव, रमेश साहू, महावीर उरांव, प्रदीप असुर, रामलाल असुर, जागेश्वर लोहरा, गंधुर उरांव, सुजीत खेरवार, रमेश बृजिया, देशो देवी, ज्योति असुर, लिलमणि देवी, रीना कुमारी के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## घाघरा में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** यह सोचकर दिल दहल जाता है कि किसी गरीब परिवार के लिए अपने प्रियजन की मौत के बाद भी शांति नहीं है। घाघरा प्रखंड में ऐसा ही हाल है, जहां जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज भी पैसों के बिना नहीं मिलते। पंचायत सचिव खुलेआम वसूली कर रहे हैं और आमजन विवश होकर इस अन्याय को सहन कर रहे हैं।

ताजा मामला कोहीपाट पंचायत का है। यहां की वार्ड सदस्य नगीया देवी की 9 अगस्त 2025 को मौत हो गयी। उनके पति महावीर उरांव जब मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पंचायत सचिव बीरेंद्र साहू के पास पहुंचे, तो उनसे 400 रुपये अग्रिम और प्रमाण पत्र बनने के बाद 3000 रुपये की मांग की गयी। महावीर उरांव ने गरीबी का हवाला देते



हुए हाथ जोड़कर मिन्नत की, तब कहीं जाकर पंचायत सचिव ने 200 अग्रिम पर काम शुरू करने की बात कही, लेकिन शर्त रखी कि प्रमाण पत्र मिलने पर 3000 देने ही होंगे। यह कोई अकेला मामला नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि सभी 18 पंचायतों में यही स्थिति है। जन्म प्रमाण पत्र हो, मृत्यु प्रमाण पत्र हो या अन्य कोई प्रमाण पत्र बिना रुपये दिए यह मिलना नामुमकिन है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने अब भी कार्रवाई नहीं की, तो यह भ्रष्टाचार और भी गहरा जायेगा और गरीब जनता के साथ अन्याय जारी रहेगा।

**पंचायत सचिवों पर वरीय अधिकारियों का नहीं है डर :** पूर्व में इस तरह का कई मामला उजागर होने के बाद भी पंचायत सचिवों में बडे अधिकारियों का बिल्कुल भी खौफ नहीं रहता है, बेखौफ वसूली करने में मशगूल रहते हैं, आपस में वह कहते सुने जा सकते हैं कि हर कुछ मैनेज होता है, दिक्कत होगा तो सब कुछ मैनेज हो जायेगा, ऐसी स्थिति में आखिरकार आम ग्रामीण को न्याय कैसे मिलेगा। पंचायत सचिवों का मनोबल वसूली को लेकर सातवें आसमान पर है।

**बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा :** किसी भी प्रकार की वसूली पूरी तरह अवैध है। यदि पंचायत सचिव दोषी पाए गए तो उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। ग्रामीण सीधे प्रखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराये।

## 30 दिन की कस्टडी या जेल जाने पर पीएम, सीएम और मंत्रियों को पद से हटाये जाने वाले बिल का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोकसभा में गृह मंत्री के द्वारा 30 दिन की कस्टडी या जेल जाने की स्थिति में पीएम, सीएम एवं अन्य मंत्रियों को पद से हटाए जाने से संबंधित बिल पेश किए जाने का भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने केंद्र सरकार का यह एक बहुत ही बड़ा साहसिक कदम है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आजकल हम लोग देख रहे हैं राजनेताओं में पहले जैसी अब



कोई नैतिकता नहीं रह गयी है। केजरीवाल के संबंध में उन्होंने कहा कि पूरे भारत ने देखा कि किस प्रकार लंबे समय तक जेल जाने के बाद भी वे मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं हुए थे। अब ऐसी स्थिति में उनको हटाने का एक ही रास्ता था कि ऐसे लोगों को पद से हटाने के लिए संवैधानिक कानूनी प्रक्रिया अपनायी जाये। इस बिल से निश्चित ही एकबार राजनीतिक भूचाल आने की पूरी संभावना है। भ्रष्टाचार और अपराध में डूबे हुए राजनेता चाहे वह किसी भी दल से क्यों ना हो पूरे जोर-जोर से चीख पुकार मचायेंगे संभवतः वे सड़कों पर भी उतर जायें लेकिन लोकतंत्र के शुद्धिकरण के लिए यह बिल एक मील का पत्थर साबित होगा।

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की जयंती मनायी



**राजीव गांधी के नेतृत्व में देश शिक्षा तकनीकी विकास, और आर्थिक सुधारों में प्रगति की : चैतू उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा सिसई प्रखण्ड के टाना भगत भवन में जिला अध्यछ चैतू उरांव के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जयंती मनायी गयी। इस मौके पर जिला और प्रखंड के पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही देश के खातिर दिये गये राजीव गांधी के कुर्बानियों और उत्पतियों को याद किया गया। मौके पर जिला अध्यछ ने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को समर्पित है। जिनका जन्म 1944 में आज ही के दिन मुंबई में हुआ था। सद्भावना दिवस का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, शांति, और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। जो राजीव गांधी के जीवन और कार्यों का मूलमंत्र था।राजीव गांधी भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। जिन्होंने 1984 में अपनी मां इंदिरा गांधी की हत्या के बाद मात्र 40 वर्ष की आयु में देश की बागडोर संभाली। उनके कार्यकाल (1984-1989) में भारत ने शिक्षा, तकनीकी विकास, और आर्थिक सुधारों में महत्वपूर्ण प्रगति की। मौके पर जिला सचिव तरुण गोप ने कहा कि राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निमार्ता माना जाता है। इस मौके पर फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, बैबुल अंसारी समेत कई मौजूद रहे।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता
### लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/ Latehar F2 - 13/2025-26
पत्रांक– 612 लातेहार/दिनांक– 19.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बंझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड– हेरहंज |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 46.98 Lakh |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 28.08.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025<br>3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2025<br>3.00 बजे अपराह्न तक<br>e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.09.2025<br>12.30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योर्मेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 359909 Water Resource (25-26)_D लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
### (जिला विकास शाखा)
**कम्प्युटर ऑपरेटर के पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना**
**दावा–आपत्ति हेतु आम सूचनाः–**

जिला विकास शाखा, कोडरमा के द्वारा MPLADS Cell, DMFT Cell, Zila Parishad एवं MGNREGA (जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा) कार्यालय के लिए पूर्णतः अस्थायी/बाह्यस्त्रोत पर कम्प्युटर ऑपरेटर के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 03/2025, PR No. 356310/25-26 Date. 03-07-2025 द्वारा प्रकाशित कर अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों का प्रमाण पत्रों के आधार पर औपबंधिक प्रारंभिक सूची जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।

अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि औपबंधिक प्रारंभिक सूची में जन्म तिथि, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, कम्प्युटर संबंधी शैक्षणिक योग्यता यथा अन्य योग्यताएँ/प्रमाण पत्र में कोई अंतर अथवा त्रुटि है, तो दावा–आपत्ति के तहत सुधार एवं निराकरण हेतु कार्यालय दिवस में दिनांक 26/08/2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित (स्व अभिप्रमाणित कॉपी) निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर जिला विकास शाखा, समाहरणालय, कोडरमा के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

उक्त निर्धारित तिथि के समय–सीमा के पश्चात किसी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

नोटः– उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी को जिले के बेवसाई www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।

PR 359913 District(25-26)D
ह0/– उपायुक्त,कोडरमा।

## प्रपत्र VII
### झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–623/भू0अ0
दिनांक–14/08/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–**तिलैया से बगड़ो माया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु ग्राम–तेतरीयाडीह** थाना–जयनगर, थाना सं0–70, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में कुल–0.2510 एकड़ यानि–0.1016 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–0.2510 एकड़ यानि–0.1016 हेक्टेयर है और जो ग्राम–तेतरीयाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–70, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

**ग्राम–तेतरीयाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–70, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा।**

| क्र0 सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 4 | 594 | रैयती | टांड तीन | 0.0190 | पुनीत महतो वो डोमन महतो पिता–जैजे महतो | प्लॉट 596 | प्लॉट 594 अंश | रास्ता | प्लॉट 594 अंश |
| 2 | 7 | 596 | रैयती | टांड तीन | 0.1020 | मातृ महतो वो भुली महतो वो ठकुरी महतो वो अनहच महतो पेशरान ललीत महतो | प्लॉट 597 | प्लॉट 594 | रास्ता | प्लॉट 596 अंश |
| 3 | 02 | 597 | रैयती | बड़की टांड | 0.0220 | अज्ञात | प्लॉट 601 | प्लॉट 596 | रास्ता | प्लॉट 597 अंश |
| 4 | 10 | 601 | रैयती | टांड तीन | 0.0190 | शिव महतो वल्द पुरन महतो वो केवल महतो वल्द मनी महतो वो ठकुरी महतो वल्द कीशो महतो वो मोसोमात दुखनी गोआलीन जौजे पाल महतो वो हरदे महतो वो तीलका महतो पेशरान जैराम महतो वो लछु महतो वो ललीत महतो वो लटू महतो पेशरान हरपत महतो | प्लॉट 602 | प्लॉट 597 | रास्ता | प्लॉट 601 अंश |
| 5 | 7 | 712 | रैयती | टांड तीन | 0.0030 | मातृ महतो वो भुली महतो वो ठकुरी महतो वो अनहच महतो पेशरान ललीत महतो | प्लॉट 710 | प्लॉट 713 | रास्ता | प्लॉट 712 अंश |
| 6 | 1 | 713 | रैयती | टांड तीन | 0.0570 | अज्ञात | प्लॉट 712 | प्लॉट 714 | रास्ता | प्लॉट 713 अंश |
| 7 | 9 | 714 | रैयती | टांड तीन | 0.0290 | रूपु महतो पिता–लालो महतो | प्लॉट 713 | सिमाना कटहाडीह | रास्ता | प्लॉट 714 अंश |
| | | | | कुलः– | 0.2510 | एकड़ | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/3013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत हैः–

ग्राम–तेतरीयाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–70, अंचल–जयनगर, जिला– कोडरमा कुल रकवा–0.2510 एकड़ यानि–0.1016 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैंः–**शून्य**

ह0/–
समुचित सरकार–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 359908 (Land Reforms) 25-26 (D)

## बरवाअड्डा में एक व्यक्ति का शव मिला शव



धनबाद (आजाद सिपाही)। आपको बता दे कि बरवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाण्डुकी गांव के समीप एनएच 19 जीटी रोड में एक व्यक्ति का शव मिला स्थानीय का कहना है कि यह पांडुकी के रहने वाले हैं। विजय पांडेय मौत मामले को लेकर लोगों में आक्रोश कंपनी से मुआवजे की मांग को लेकर भारी संख्या में जुटे ग्रामिण बरवाअड्डा थाना प्रभारी रजनीकांत पाण्डेय दल बल के साथ पहुंचे घटना स्थल। कंपनी गेट के पास कर रहे हैं प्रदर्शन सुबह 6:00 बजे से लेकर शाम को 6:00 बजे तक बीत जाने के बाद भी नहीं हो पायी वार्ता मुआवजे की मांग पर अड़े है। ग्रामीण और परिजन मुआवजे को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण व परिचय नहीं हो रही है कोई सुनवाई साथ ही कई नेता जन प्रतिनिधि भी बैठे धरने पर। वही गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले नेता धर्मजीत सिंह ने कहा कि सही समय पर सही मुआवजा नहीं मिला तो होगा आंदोलन।

## राज्यपाल से जिप अध्यक्ष सह झारखंड त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष ने औपचारिक मुलाकात की



धनबाद (आजाद सिपाही)। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें 15वें वित्त आयोग मद का वर्ष 2024-25 का बकाया राशि और 16वें वित्त आयोग की राशि आवंटित करने के संबंध में अनुरोध किया। साथ ही महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से अनुरोध किया कि त्रिस्तरीय पंचायत राज प्रतिनिधियों को 14 विभाग और 29 विषय पर शक्ति प्रदान की जाए। इससे पंचायत राज प्रतिनिधियों को अधिक प्रभावी ढंग से काम करने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में योगदान कर सकेंगे। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार पंचायती राज प्रतिनिधियों को मजबूत बनाने और उन्हें अधिक शक्तियां प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान जिला परिषद सदस्य इजराफिल लाला, तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद, तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रसिद्ध कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## बेटियों को आगे बढ़ाने समाज में बदलाव के लिए मानसिकता में बदलाव जरूरी: बीडीओ



बोकारो (आजाद सिपाही)। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश एवं जिला समाज कल्याण विभाग के आदेश पर बाल विकास परियोजना पेटरवार एवं बेरमो की ओर से बुधवार को 'बधाई हो, बेटी हुई है' कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल, बेरमो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार की मातृ-शिशु वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सीडीपीओ पेटरवार चंदा रानी, बीडीओ पेटरवार संतोष कुमार महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पेटरवार डॉ कुंदन राज, सीडीपीओ बेरमो गीता कुमारी सोय, अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो प्रभारी डॉ शिवानी, उपाधीक्षक अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो डॉ राहुल सिन्हा, हेल्थ मैनेजर संजय प्रसाद, जीएन अलका वर्मा एवं महिला पर्यवेक्षिका मुक्ति कुमारी, कुमारी सुमित्रा, रेखा कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर नवजात बेटियों के अभिभावकों को क्रमवार उनके घर बेटी होने की उन्हें बधाई दी गयी तथा बेटी के जन्म की इस खुशी को साझा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अभिभावकों को मिठाई खिलाई व केक काटकर उनका मुंह मिठा कराया गया। इसके साथ ही प्रसव के पश्चात आवश्यक मेडिकल कीट और बच्चों से संबंधित किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बीडीओ पेटरवार ने कहा कि बेटी के जन्म को बोझ नहीं समझे, अपने आपको सौभाग्य समझें। साथ ही कहा कि अब जमाना बदल गया है बेटियों के जन्म को खुशी और उल्लास से मनाया जाता है।" उन्होंने कहा कि जब तक समाज में मानसिक स्तर पर बेटियों को लेकर समानता का भाव नहीं आएगा, तब तक असल बदलाव संभव नहीं है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पेटरवार संतोष कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ही एक माध्यम है।

## धनबाद जिला महिला कांग्रेस ने राजीव गांधी की तस्वीर पर किया माल्यार्पण



भूली (आजाद सिपाही)। भूली ई ब्लॉक सेक्टर 5 में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा के आवासीय कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का 81वां जयंती मनाया गया। महिला कांग्रेस की सदस्यों ने राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। केक काटकर राजीव गांधी के योगदान के बारे में बताया राजीव गांधी के 81वां जयंती अवसर पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देशानुसार प्रियदर्शनी उड़ान के तहत महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। महासचिव रूबी खातून ने बताया कि प्रियदर्शनी उड़ान के तहत भूली झारखंड मोड़ खटाल, नया बाजार, स्टेशन रोड के साथ गोविंदपुर बलियापुर, झरिया, धनबाद प्रखंड और धनबाद नगर में महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी भारत में तकनिकी क्रांति के सूत्रकार थे। देश में कम्प्यूटर क्रांति लाकर उन्होंने देश के विकास को गति दी। उस समय राजीव गांधी का विरोध करने वाले भी आज तकनीक की दुहाई देते है। राजीव गांधी ने महिलाओं को राजनीति में अधिकार देते हुए पंचायती राज में पचास फीसदी आरक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाने, आत्मनिर्भर होने आर्थिक सबलता का मन्त्र दिया। राजीव गांधी के विचार और कार्य हमेशा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। मौके पर रूबी खातून, नीतू देवी, बबिता शर्मा, हेमंती जयसवाल, पूनम देवी, शाहिना बानो, कविता घिवर, सुनीता निषाद, सबीना खातून, रजनी देवी, निखत परवीन, मालती देवी, रिंकू कुमारी, रंजू देवी, जानकी देवी, सुमा देवी, कौशल्या देवी, सविता देवी आदि मौजूद थी।

# सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




झरिया/ जोड़ापोखर। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय में अनुपमा सिंह के निदेर्शानुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी कि 81 वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में उपस्थित कांग्रेस जनों ने संकल्प लेकर मनायी।

राजीव गांधी द्वारा 18 वर्षीय युवाओं को दिए गए मताधिकार के अधिकार पर किए जा रहे वोट चोरी को रोकने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह बयान जारी करते हुए कहा कि राजीव गांधी सादगी, सरलता, वं सौम्यता कि प्रतिमूर्ति थे। देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे सूचना एवं संचार क्रांति के जनक थे युवा होने के नाते एक अनोखी और अभिनव विचार रखते थे। उनके पास कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के माध्यम से एक विकसित राष्ट्र का सपना देखें थे। उनकी प्राथमिकता विभिन्न धर्मो और भाषाओं के लोगों के बीच राष्ट्रीय साम्राज्य और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता थी जिसका उन्होंने नेतृत्व किया वे एक दूरदर्शी आदर्शवादी नेता थे जिन्होंने भारत की विविध आबादी के बीच राष्ट्रीय एकीकरण शांति एवं सार्वजनिक सद्भाव के लिए कई प्रयास किये। मात्र 5 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने भारत की शिक्षा और अर्थव्यवस्था को उन्नत करने के उद्देश्य उद्देश्य से कई योजनाओं को लागू किया राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा योजनाओं में सुधार और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की स्थापना की। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रणाली जो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए निःशुल्क आवासीय कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक निःशुल्क प्रदान करती है आज मिल का पत्थर साबित हो रहा है। दूरसंचार विकास उनके प्रयास के परिणाम स्वरुप 1986 में एमटीएनएल महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की स्थापना की और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन का विस्तार करने के लिए सार्वजनिक काल कार्यालय पीसीओ बनवाए गये। इंटक नेता संतोष कुमार सिंह, अनूप पासवान जयप्रकाश चौहान नयन चक्रवर्ती, राजू सिंह हरेंद्र, जितेंद्र राकेश अरुण रवानी पप्पू कुमार महेंद्र कुमार आदि सैकड़ो लोग थे।

# हीरे की अंगूठी की चोरी के आरोप में मां-बेटा गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सिटी सेंटर सेक्टर 4 में मियां बाय तनिष्क शोरूम से डायमंड रिंग चोरी के आरोप में पुलिस ने मां और बेटा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सेक्टर 4 एफ निवासी राज करण सिंह (34 वर्ष) एवं एवं उसकी मां नवप्रीत कौर (52 वर्ष) के रूप में हुई है जो मूलत पंजाब के गुरदासपुर जिले के रहने वाले बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार शोरूम में बीते 18 अगस्त को चोरी की घटना हुई थी। स्टोर मैनेजर ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि दो शातिर चोर ग्राहक बनकर आए और चकमा देते हुए हीरा जड़ित सोने की अंगूठी लेकर चंपत हो गये। घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराया गया था। चोरी की इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया था। तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाँच टीम ने इस घटना का त्वरित उद्भेदन किया। सिटी डीएसपी ने बताया 20 अगस्त को छापेमारी कर इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से डायमंड रिंग, चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लाल रंग का झोला बरामद किया गया है। टीम में सेक्टर 4 थाना प्रभारी संजय कुमार, सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास एवं अन्य कई पुलिसकर्मी में शामिल थे।

# राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सद्भावना मार्च का किया गया आयोजन। भारी संख्या में कांग्रेस जनों द्वारा अंबेडकर चौक डीआरएम कार्यालय से रणधीर प्रसाद वर्मा चौक तक निकाला गया मार्च। राजीव गांधी अमर रहें, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के लगे जोरदार नारे। इस मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर फुल पुष्प अर्पित कर उन्हें दी श्रद्धांजलि। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण उपस्थित थें।

कार्यक्रम कों संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में स्व. राजीव गांधी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। राजीव गांधी को हमेशा राष्ट्रहित कार्यो को आगे बढ़ाते हुए उनकी गतिशीलता के लिए भी देश याद करता है। उन्होने गरीबी उन्मूलन और समाजिक समरसता विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ,समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान, पंचायतीराज संस्थाओं को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में युवाओ और महीलाओं की केंद्रीय भूमिका के लिए अथक प्रयास किए। यह दिन हमे स्व राजीव गांधी के प्रिय आदर्शो के प्रती खुद को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है।

उक्त सद्भावना मार्च में धनबाद जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद खान, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव, दुर्गा दास, रविरंजन सिंह, राम गोपाल भुवानिया, राजेश्वर यादव नवनीत नीरज योगेन्द्र सिंह सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल।

# जश्रसं और धनसार कोलियरी प्रबंधन के बीच सकरात्मक वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/ धनसार। विश्वकर्मा परियोजना में ट्रक लोडिंग नहीं होने से नाराज असंगठित मजदूरों ने मंगलवार की देर शाम जश्रसं के बैनर तले ट्रांसपोटिंग कार्य ठप कर दिया।

बुधवार को जश्रसं व धनसार कोलियरी प्रबंधन के बीच सकरात्मक वार्ता हुई। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। मजदूरों ने बताया कि धनसार कांटाघर कई दिनों खराब पड़ा है। साथ ही ट्रक लोडिंग के लिए कोयला उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण ट्रक लोडिंग का कार्य ठप है। परिणामस्वरूप मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। जश्रसं के बैनर तले मजदूरों ने 24 घंटा ट्रांसपोटिंग कार्य ठप रखा। इसके बाद धनसार कोलियरी कार्यालय में प्रबंधन और जश्रसं के बीच वार्ता हुई।

वार्ता में धनसार कोलियरी पीओ संजय कुमार ने जल्द ही कांटाघर को चालू करने और ट्रक लोडिंग के लिए पर्याप्त कोयला देने की बात कही। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। वार्ता में जश्रसं के देशराज चौहान, सुमन हांसदा, राजेश मरांडी, मुनिया देवी, मनोज पासवान व प्रबंधन की ओर से पीओ संजय कुमार थे।

# बंद पड़े गोदाम में मिला शव, क्षेत्र में सनसनी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। झरिया धनबाद मुख्य मार्ग विक्ट्री दुर्गा मंदिर के समीप बुधवार को बंद पड़े एक मोबिल के गोदाम मे एक युवक की सड़ी लाश मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई।शव इतना पुराना था कि वह कंकाल मे तब्दील हो चुका था। यह खबर फैलते ही वहां लोगों की भिड़ जुट गयी। सूचना पाकर झरिया थाना पुलिस शव के कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। इस मामले को लेकर क्षेत्र मे तरह तरह के चर्चा है।शव के पास पुलिस को न तो मोबाइल ना ही उसका कोई परिचय पत्र मिला है। जिसके चलते शव कि शिनाख्त नहीं हो पाया है।हालांकि पुलिस युवक द्वारा पहने हुए शर्ट व पैंट को पहचान के लिए रखा है। बता दे कि जिस भवन मे कंकाल मिला है, उसमे कैलस्ट्राल मोबिल का गोदाम था। जिसका डिस्ट्रीब्यूटर अंकित जैन थे। वे अक्सर कोलकाता मे रहते थे। इस गोदाम की देख रेख क्षेत्र के पवन कुमार करते थे। यहीं से धनबाद सहित अन्य क्षेत्रों मे मोबिल की सप्लाई होती थी। दो साल पूर्व इस मोबिद गोदाम को गिरिडीह मे शिफ्ट कर दिया गया था। इधर अंकित जैन अपने सामान को गिरीडीह ले गए थे। इन्होंने इस गोदाम को अंतिम बार इस वर्ष जनवरी मे खोले थे। इन्होंने मंगलवार को अपने प्रबंधक पवन को लेकर गोदाम खाली करने के उद्देश्य से यहां पहुंचे। उन्होंने देर रात गोदाम खोल कर देखा कि अंदर मे एक कंकाल का रूप ले चुका एक शव पड़ा है। जहां पुलिस ने बुधवार की सुबह गोदाम खोलकर शव को बरामद कर लिया।


**OFFICE OF THE PRINCIPAL, SHEIKH BHIKHARI MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, HAZARIBAG**
(Formerly called as - HAZARIBAG MEDICAL COLLEGE, HAZARIBAG.)
Ph. No. 06546-296629/ website : www.hazaribagmedicalcollege.org/
E-mail Id : hazaribagmedicalcollege@gmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सं0-01/2025-26**

| क्रमांक | विवरण | समय सीमा/अन्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के लिये बाह्य स्त्रोत से वाहन (Bus) परिचालन हेतु दर निर्धारण। |
| 2 | निविदा आमंत्रण प्राधिकार का नाम एवं पता | प्राचार्य, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग। |
| 3 | बेवसाईट पर एन0 आई0 टी0 (Online) प्रकाशन की तिथि | दिनांक 21/08/2025 www.jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | www.jharkhandtenders.gov.in पर निविदा अपलोड किये जाने की अंतिम तिथि तथा समय | दिनांक 05/09/2025 को अपराहन् 02:00 बजे तक |
| 5 | कार्यप्रभारित प्रतिभूति (EMD) की | रूपये 50,000/- (पचास हजार रूपये) जो Online Submission Gateway के माध्यम से की जायगी। यह राशि प्रत्यपर्णीय होगी। |
| 6 | निविदा खोले की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 08/09/2025 को अपराहन् 01:00 बजे/ स्थान- प्राचार्य, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में। |

नोट - 1. निविदा सिर्फ e-tender के माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।
2. निविदा का पूर्ण विवरण एवं आवश्यक सभी प्रकार के शर्तों को दिनांक 21/08/25 से बेवसाईट www.jharkhandtendrs.gov.in पर देखा जा सकता है।
पत्रांक 1047 दिनांक 19/08/2025

प्राचार्य,
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज,
हजारीबाग

PR 359891 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D


# कम उम्र के बच्चों के लिए स्मार्टफोन और वाहन का उपयोग जहर के समान : एसएसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

गोबिंदपुर। ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया में सामुदायिक पुलिस परामर्श सह जनरल काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं स्वागत नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे धनबाद के एस एस पी प्रभात कुमार, धनबाद के डी एस पी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह, आई एस एम के प्रोफेसर (रिटायर्ड) एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (मैनेजमेंट) प्रमोद कुमार पाठक, सीएमपीएफ के डिपुटी डायरेक्टर नफीस आलम, गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद रावत एवं जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को शाल, पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ एस खालिद ने विद्यालय के उपलब्धियां को अतिथियों के साथ साझा किया। डॉ प्रमोद पाठक ने स्मार्टफोन के फायदे एवं नुकसान से परिचित कराते हुए बच्चों को पुस्तकालय की ओर लौटने की सलाह दी। उन्होंने कहा ह्यफेस द बुक नौट फेस बुकह्ण क वहीं डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने ट्रैफिक नियम समस्या एवं समाधान से बच्चों को अवगत कराया।

सोहराब अंसारी ने अपने मुखारविंद से विद्यालय के कार्यों एवं उपलब्धियां की सराहना की। वहीं नफीस आलम ने नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विशेष रूप से चर्चा की। एस एस पी प्रभात कुमार ने 18 से कम उम्र के बच्चों के लिए स्मार्टफोन एवं वाहन का उपयोग जहर के समान बताया। विद्यालय के इस कार्यक्रम में डॉ एस खालिद प्रधानाचार्या सी त्रिगुणाईत, डॉ निखत परवीन (ओनटटेरी चेयरपर्सन), मैनेजर डॉ ममता सिंहा तथा सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने पौधारोपण भी किया।


**JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY**
(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217
**Registration under Society Act No.519**
**Registration under GST No. 20AACAJC1Z9**
**OUR MISSION- OLYMPIC GOLD**

**NIT No: CEO/LMC/JSSPS/K/EnM/2025-26/599 Date: 14.08.2025**

निविदा सूचना

**Notice Inviting Tender**
**NIT 01 of 2025-26(EnM Works)**
**Tender ID: 2025_JSSPS_103854_1**

1.Tenders are invited on-line under **Two Part System** on the website https://jharkhand tenders.gov.in as per the eligibility criteria defined in this tender document elsewhere.

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| Replacement of 2x400W Metal Halide Light Fittings (Existing) with Supplied 400W±5%, LED Flood Light Fittings suitable for Sports Lighting including 05(Five) Years CAMC-cum-Warranty/ Guarantee at 03 (Three) nos. of Indoor Stadiums (Harivansh Tana Bhagat Indoor Stadium, Thakur Vishwanath Shahdeo Indoor Stadium & Ganpat Rai Indoor Stadium) at Mega Sports Complex, JSSPS, Khelgaon, Ranchi. | Mega Sports Complex, JSSPS, Khelgaon, Ranchi, Jharkhand | 13478432.00 ( Rupees One Crore Thirty Four Lakhs Seventy Eight Thousand and Four Hundred Thirty Two) | 168500.00 | 90 days for Supply, Installation, Testing & Commissioning + 05 Years (1826 days) for CAMC cum Warranty /Guarantee |

*Note:* The bid documents will be available on the website(s) https://jharkhandtenders.gov.in and https://www.jharkhandcclsports.in/ and can be downloaded by the bidder up to the bid download end date. There is no Application Fee.

**2. For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact:**

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| Member (E&M), LMC, JSSPS | Member (E&M), LMC, JSSPS, 8987788600 |

**3.Time Schedule of Tender:**

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 20.08.2025 | 15.00 Hours |
| b. | Document download start date | 20.08.2025 | 15.00 Hours |
| c. | Document download end date | 05.09.2025 | 17.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 21.08.2025 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 05.09.2025 | 17.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 20.08.2025 | 15.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 25.08.2025 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Technical Bid (Cover I) opening date | 06.09.2025 | 17.00 Hours |
| j. | Price Bid (Cover II) opening date | To be notified later | ---------- |

Sd/-
CEO, LMC, JSSPS
Khelgaon, Hotwar, Ranchi.

PR.NO.359901 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26):D

## मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी बहाल होगी

- हाइकोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे अब्बास को हेट स्पीच केस में इलाहाबाद हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को हाइकोर्ट के जस्टिस समीर जैन ने मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अब्बास को दो साल की सजा सुनायी गयी थी। हाइकोर्ट के फैसले पर लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल होगी। मामला 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। अब्बास सुभासपा के टिकट पर मऊ से चुनाव लड़ रहे थे। एक जनसभा में अब्बास ने कहा था कि सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहकर आया हूं, सरकार बनने के बाद 6 महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी। जो जहां है, वहीं रहेगा। पहले हिसाब-किताब होगा, फिर ट्रांसफर होगा। उस वक्त सुभासपा और सपा का गठबंधन था।

इसके बाद शहर कोतवाली में हेट स्पीच की एफआइआर दर्ज हुई थी। 31 मई को मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास को इस मामले में दो साल की सजा सुनायी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला, सिर पर लगी चोट

- सीएम आवास पर जनसुवाई के दौरान हुई घटना, आरोपी गुजरात का निकला

अजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। दिल्ली सीएम ऑफिस ने बयान में कहा कि आज जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आरोपी ने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आयी ह।



दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आरोपी 24 घंटे से मुख्यमंत्री की रेकी कर रहा था। इधर, घटना के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव और कई मंत्री रेखा गुप्ता का हालचाल जानने सीएम हाउस पहुंचे। यहीं पर सीएम का इलाज चल रहा है।

## एनसीइआरटी ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पेशल मॉड्यूल जारी किया

- कक्षा 3-12 के सप्लीमेंट्री मटेरियल में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीइआरटी) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किये हैं। इन्हें कक्षा 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह से शामिल होने से इनकार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान की सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। कक्षा 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल 'ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा' और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल 'ऑपरेशन सिंदूर-सम्मान और बहादुरी का मिशन' है। बताते चलें कि एनसीइआरटी के स्पेशल मॉड्यूल रेगुलर कोर्स का हिस्सा नहीं होते। इसे कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाता है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जीएसटी पर राज्यों के मंत्री समूह से मिलीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जीएसटी सुधारों पर राज्यों के मंत्रिसमूह के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्यों के मंत्रिसमूह को जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। इन सुधारों में कर की दरों में कटौती और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करना शामिल है। बीमा कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्री समूह दो दिनों तक केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेगा। इसके तहत 5 और 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाएगा। 5-7 वस्तुओं पर, जिनमें हानिकारक वस्तुएं भी शामिल हैं को 40 प्रतिशत की विशेष दर के तहत लाने का प्रस्ताव किया गया है।




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ आम सहमति बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव तीन स्तंभों पर आधारित है- संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना और जीवन में आसानी। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार का प्रस्ताव भारत की आत्मनिर्भर भारत बनने की यात्रा में जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की शुरूआत करने के लिए है।

## अग्नि-5 का ओड़िशा में सफल परीक्षण, रेंज 5000 किलोमीटर

- चीन-पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता
- भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ भुवनेश्वर।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओड़िशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई। यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआइआरवी) टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लांच किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्किये जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वॉरहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी। डिफेंस मिनिस्ट्री ने बुधवार को अग्नि-5 के सफल परीक्षण की जानकारी दी।



### 29 हजार 401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है। इसका रेंज 5 हजार किलोमीटर है। अग्नि- 5 बैलिस्टिक मिसाइल एक साथ कई हथियार ले जाने में सक्षम है। डेढ़ टन तक न्यूक्लियर हथियार अपने साथ ले जा सकती है। इसकी स्पीड मैक 24 है, यानी आवाज की स्पीड से 24 गुना ज्यादा है। इस्तेमाल भी बेहद आसान है, इस वजह से देश में कहीं भी इसकी तैनाती की जा सकती है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत दुश्मनों के बंकर तोड़ने वाली मिसाइलों को तेजी से बढ़ा रहा है। भारत-पाकिस्तान तनाव, ईरान-इजराइल युद्ध को देखते हुए भारत अपने डिफेंस सिस्टम और मजबूत कर रहा है। पाकिस्तान और चीन ने अपनी सीमाओं पर मजबूत जमीन के नीचे ठिकाने बनाये हैं। पहाड़ी क्षेत्रों, ऊंचाई वाली इलाकों में ये मिसाइल बड़ा रोल निभाएगी। सीमा के पास दुश्मन के कमांड सेंटर और हथियार गोदामों को नष्ट करेगी।

### अग्नि-5 एक से ज्यादा वॉरहेड ले जा सकती है


अग्नि-5 एक एडवांस्ड एमआइआरवी मिसाइल है। एमआइआरवी का अर्थ मल्टीपल इंडिपेंडेंटली-टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल है। ट्रेडिशनल मिसाइल में केवल एक वॉरहेड ले जाया जा सकता है, जबकि एमआइआरवी में मल्टीपल वॉरहेड एक साथ कैरी कर सकते हैं। वॉरहेड यानी, मिसाइल का अगला भाग जिसमें विस्फोटक होते हैं।

## अमेरिका बोला, भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव बनाना

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रंप प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गयी आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रंप ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25% रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। लीविट ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रंप ने अहम भूमिका निभायी थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रंप ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील करायी।

## खराब सड़कों पर लोगों से टोल वसूलना गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर सड़कें खराब और उसपर जगह-जगह गड्ढे हैं तो नागरिकों को टोल टैक्स देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) की याचिका खारिज कर दी, जिसमें केरल हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी। दरअसल, कोर्ट ने थ्रिसुर जिले के एनएच 544 पर टोल वसूली को चार हफ्तों के लिए रोक दिया गया था। क्योंकि सड़क की हालत खराब थी और ट्रैफिक जाम की समस्या थी।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**